* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 307




यूक्रेन ने रूस पर फिर किया ड्रोन हमला, मॉस्को में तीन हवाई अड्डे बंद




## न्यूज रील्स

### मदुरै में ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग, नौ की मौत

मदुरै। तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लग गयी। शनिवार तड़के हुए हादसे में नौ तीर्थ यात्रियों की मौत हो गयी, जबकि 50 लोग झुलस गये। प्राइवेट कोच में उत्तरप्रदेश के 63 तीर्थयात्री सफर कर रहे थे। हादसे के वक्त कोच यार्ड में खड़ा था। यात्रियों ने सुबह कॉफी बनाने के लिए स्टोव जलाया, तो सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। यह कोच 17 अगस्त को लखनऊ जंक्शन से रवाना हुआ था। कोच को रविवार को चेन्नई से लखनऊ लौटना था।

### मुख्यमंत्री ने केंद्र की मोदी सरकार पर साधा निशाना

# सरकार बनने के दिन से ही गिराने की हो रही है साजिश : हेमंत सोरेन

- डुमरी विधानसभा उपचुनाव में प्रचार करने पहुंचे मुख्यमंत्री
- कहा, 2024 में आइएनडीआइए की बनेगी डबल इंजन सरकार



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भाजपा और केंद्र सरकार के इशारे पर लगातार राज्य सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। रोज कुछ न कुछ षड्यंत्र कर लोगों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। कभी सीबीआइ, तो कभी इडी और आयकर विभाग के नाम पर डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है। झूठे केसों में फंसा कर गठबंधन के विधायकों की सदस्यता को भी समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। लोगों को सतर्क और सचेत रहने की जरूरत है। ऐसे लोगों पर वोट से ही प्रहार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार शुरू किया। इसी क्रम में उन्होंने बोकारो के तेलो कोचाटांड़ मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर राजद कोटे से मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस कोटे के मंत्री बादल समेत कई विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### स्व. जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने का प्रयास

हेमंत सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेबी देवी को उन्होंने सिर्फ मंत्री नहीं बनाया, बल्कि पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने का प्रयास किया। अब पांच सितंबर के दिन होने वाले चुनाव में क्षेत्र के लोग भी पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने का काम करें। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद आइएनडीआइए की डबल इंजन की सरकार बनेगी।

### पुत्र की उम्र कम, इसलिए पत्नी को उम्मीदवार बनाया

हेमंत सोरेन ने कहा कि पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो को क्षेत्र के लोगों ने 'टाइगर' का नाम दिया था। कोरोना काल में जनता की सेवा में लगे जगरनाथ महतो अचानक गंभीर बीमारी की चपेट में आ गये। अभी उनके बच्चे छोटे हैं, लेकिन उपचुनाव के बाद गणेश महतो भी चुनाव लड़ने योग्य हो जायेंगे। इसलिए अभी उन्होंने पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री बनाया और चुनाव मैदान में उतारा है। इससे पहले भी जब पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद सुनील महतो की उग्रवादियों ने हत्या कर दी, तो उनकी पत्नी सुमन महतो को टिकट दिया गया। वह भी घर बैठे एक लाख से अधिक मतों के अंतर से चुनाव में विजयी रही थीं।

### बेबी देवी को 72 हजार नहीं, 1.72 लाख वोट दें

हेमंत सोरेन ने कहा कि विरोधी दल के लोगों के पास पैसा है। वे चूल्हा प्रमुख के नाम पर पैसे बांट रहे हैं। क्षेत्र के लोग भी लिफाफे को रख लें, लेकिन वोट बेबी देवी को ही दें। उन्होंने कहा कि विरोधी दल के नेता अपना बुखार भी किसी को देने वाले नहीं हैं। अभी चुनाव के वक्त एकत्रित किये गये धन के बल पर वोट हासिल करना चाहते हैं। इसलिए लोग लिफाफे को जरूर ले लें, ताकि कुछ हिस्सा तो उनका जरूर खाली हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगरनाथ महतो को तो वर्ष 2019 के चुनाव में 72 हजार वोट मिला था, परंतु इस चुनाव में बेबी देवी को 1.72 हजार वोट देकर विजयी बनायें।

### प्रधानमंत्री चंद्रयान-3 टीम के वैज्ञानिकों से मिले, की घोषणा

# भारत हर साल 23 अगस्त को 'नेशनल स्पेस डे' मनायेगा

- चांद पर लैंडर जहां उतरा, वह 'शिवशक्ति प्वाइंट' कहलायेगा
- जिस जगह चंद्रयान-2 के पद चिह्न, उस प्वाइंट का नाम 'तिरंगा'



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह इसरो के कमांड सेंटर में चंद्रयान-3 टीम के वैज्ञानिकों से मिले। यहां उन्होंने तीन घोषणाएं कीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 23 अगस्त को हर साल 'नेशनल स्पेस डे' मनायेगा। चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह 'शिव-शक्ति प्वाइंट' कहलायेगा। चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पद चिन्ह हैं, उस प्वाइंट का नाम 'तिरंगा' होगा।

मोदी ने 45 मिनट के भाषण में कहा कि मैं साउथ अफ्रीका में था, फिर ग्रीस के कार्यक्रम में चला गया, लेकिन मेरा मन पूरी तरह आपके साथ ही लगा हुआ था। मेरा मन कर रहा था, आपको नमन करूं। मैं भारत आते ही जल्द से जल्द आपके दर्शन करना चाहता था। उन्होंने कहा कि मैं आपको सैल्यूट करना चाहता था। सैल्यूट आपके परिश्रम को, सैल्यूट आपके धैर्य को, सैल्यूट आपकी लगन को, सैल्यूट आपकी जीवटता को और सैल्यूट आपके जज्बे को।

प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-3 की टीम के वैज्ञानिकों से मिले। इसरो कमांड सेंटर पर इसरो चीफ एस सोमनाथ ने पीएम मोदी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पीएम ने सोमनाथ को गले लगाया और पीठ थपथपायी। उन्हें चंद्रयान-3 मिशन के सफल होने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने टीम के सभी वैज्ञानिकों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवायी।

### इसरो 2 सितंबर को लांच कर सकता है सोलर मिशन

बेंगलुरु (आजाद सिपाही)। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर कामयाब लैंडिंग के बाद इसरो अब सूर्य के अध्ययन के लिए एक हफ्ते के भीतर यानी दो सितंबर को सौर मिशन शुरू करने की तैयारी कर रहा है। यह जानकारी स्पेस एप्लिकेशन सेंटर अहमदाबाद के निदेशक नीलेश एम देसाई ने दी। आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला स्पेस बेस्ड इंडियन लेबोरेट्री होगा। इसे सूर्य के चारों ओर बनने वाले कोरोना के रिमोट ऑब्जर्वेशन के लिए डिजाइन किया गया है। यह सूर्य-पृथ्वी के लैग्रेंजियन प्वाइंट पर रहकर सूर्य पर उठने वाले तूफानों को समझेगा। यह पवाइंट पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां तक पहुंचने में इसे करीब 120 दिन यानी चार महीने लगेंगे।


# INSTITUTE OF SCIENCE & MANAGEMENT

(Approved by AICTE,Govt of India & Affiliated to Jharkhand University of Technology)
Pundag, Ranchi-834004 (Jharkhand)

## ISM : An Institute of Academic Excellence

होटल और प्रबंधन मैनेजमेंट कोर्स में नामांकन लेने का सबसे सुनहरा अवसर

**Institute of Science & Management, Ranchi (ISM)** is one of the oldest premier educational institutes in the state of Jharkhand functioning since 1985. ISM is located in the heart of city of Ranchi. The institute has all essential amenities with highly qualified, well experienced and dedicated faculties & staff. The alumni of the institute is very well placed and holding very higher positions in corporate world in our country and abroad. ISM Ranchi is an institute of academic excellence and imparting teaching in Master of Business Administration (MBA), Diploma in Hotel Management & Catering Technology (DHMCT). Many short term courses like One year Craft course in Hotel Management and 6 Months course in Cyber crime and Cyber Securities. Courses are approved by AICTE, Government of India and affiliated to Jharkhand University of Technology (JUT), Government of Jharkhand.

**AIM :**

Its aims for offering high quality of education in field of Management so that the students would become creative and innovative managers/ entrepreneurs, and able to take higher responsibilities and discharge their duties successfully. So that they can prove themselves as assets for the organizations and the society. The institute also takes responsibilities to create entrepreneurial culture and environment in the society so as to build up the students and youth with highest capabilities.





**OBJECTIVES :**

1. To make the youth effective and efficient managers/ entrepreneurs in order to cater the needs of government, academic, professional institutions and corporate world.
2. To identify the changing demand of the society and stakeholders and to design and develop course curriculum/activities accordingly.
3. To liaison with stakeholders so as to strengthen institutional network.
4. To assist and counsel the students and youth to generate new business ideas, incubate such ideas and making those commercial viable projects to make the Business Startup policy of the Government.

**VISION :**

The vision of the institute is to create entrepreneurial and entrepreneurial culture in the society and to strengthen institutional eco-system to accelerate the process of wealth generation in the Indian economy.

**MISSION :**

To make the youth belonging to the different sections of the society socially and economically empowered.

**ECOSYSTEM :**

The ISM has strong networking with its stakeholders which belong to the following categories of institutions/ organizations:

- Govt Institutions (Central and State),
- Financial Institutions,
- R & D Institutions,
- Technical & Management Institutions,
- Training & Development Institutes,
- Large Pvt and Public Sector Enterprises,
- MSMEs,
- National and State level Industry/Trade Associations,
- Placement Bureau,
- Polytechnics/ITIs,
- National and International Professional bodies,
- NGOs.

**FACILITIES PROVIDED :**

The ISM is well located in Pundag area (Near Argora) of Ranchi city (Capital City ) of Jharkhand State. The institute provides the following facilities to the students for their overall development and growth in perspective of global competitiveness.

- Separate well equipped buildings for Departments of Management Studies and Hotel Management.
- Well qualified and experienced faculty members.
- Green campus stretched in 5 acre of land.
- Facilities for cafeteria offering breakfast and lunch/dinner to the students, faculties and guests.
- Separate Boys and Girls hostels.
- Play ground.
- Topics such as seminars. Webinars, workshops



**To promote entrepreneurship among the students, the following steps have been initiated :**

1. Framed its own "Innovation & Startup Policy-2020"
2. Established its own "Self Incubation Centre".
3. "Department of Innovation and Entrepreneurship" is functioning.
4. Students are counseled and extended hand-holding support to create new ventures.
5. A strong eco-system has been created.
6. ISM Ranchi has been awarded by the Ministry of Education, Government of India for outstanding works performed in the field of social entrepreneurship.
7. 10 groups of the faculties and students have been formed to work in the campus and rural areas in the field of swachhta, greenery, water conservation, waste management and non-conventional energy Management.

**Courses Offered:**

**2 Years full time MBA (Master of Business Administration)**
Eligibility Condition: Graduation from any stream with 50% aggregate marks are eligible to take admission in this course. Preference will be given to those who have qualified in CAT/MAT/XAT entrance test. Appearing Candidate may be allowed to take admission.

**3 Years full time BBA (Bachelor of Business Administration)**
Eligibility Condition: Inter Passed Student from any stream with 45% marks are eligible to take admission in this course.

**3 Years full time DHMCT (Hotel Management & Catering Technology)**
Eligibility Condition: Inter Passed Student from any stream with 45% marks are eligible to take admission in this course.

**1 Year full time Craft Course in Hotel Management**
Eligibility Condition: Inter/12th Passed Student from any stream are eligible to take admission in this course.

**Admission Opened for Academic Year 2023-24 on First Come Basis**

**COMPANIES VISITED FOR TRAINING & PLACEMENT**

EUREKA FORBES, Coca-Cola, airtel, Hawkins, HP, ITC Limited, ADITYA BIRLA, TCI, BAJAJ, TATA MOTORS, Bank of Baroda, Justdial

**ONLINE ADMISSION FACILITY IS ALSO AVAILABLE**

Details can be seen on
Websites : www.ismr.ac.in,
Email- info@ismr.ac.in,
Whatsapp No.-7858001234
Contact : 7858001234, 8797131841

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



भाजपा नेता का पलटवारः जनता को दिग्भ्रमित करना बंद करे झामुमो, दी चुनौती

# संथाल परगना बिल्डर्स पर एफआइआर दर्ज कर संपत्ति जब्त करे हेमंत सरकारः बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुमका।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला बोला। वे संकल्प यात्रा के क्रम में झारखंड की उप राजधानी दुमका की धरती से दुमका विधानसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित कर रहे थे। तेज बारिश के बीच हजारों की संख्या में जनता जनसभा में उपस्थित थी। श्री मरांडी का भव्य स्वागत किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झामुमो और हेमंत सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर ओछी राजनीति करना झामुमो बंद करे। कहा कि झामुमो को प्रेसवार्ता आयोजित करने की क्या जरूरत है। प्रेसवार्ता तो विपक्ष के लोग करते हैं। उनकी तो सरकार है, पुलिस प्रशासन है, वे सीधे कार्रवाई करें, एफआइआर करें और जिसने विधि विरुद्ध काम किया है, अपराध किया है, उसकी संपत्ति जब्त करें।

श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। जब-जब भाजपा की सरकार बनती है, तो विकास की चर्चा होती है और जब झामुमो, कांग्रेस राजद की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार की चर्चा होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि वह बतायें कि साढ़े तीन वर्षों में उन्होंने राज्य में विकास का कौन सा कार्य किया है।

## संथाल को भाजपा ने विकास से जोड़ा

कहा कि संथाल की धरती को भाजपा की सरकार ने विकास से जोड़ा। अटल जी ने संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल कराया, आदिवासी मंत्रालय बनाया, गांव को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा और आज नरेंद्र मोदी सरकार ने दुमका में मेडिकल कालेज दिया, देवघर में एम्स स्थापित किये, देवघर में हवाई अड्डा बनाया, दुमका, गोड्डा सभी को रेलवे लाइन से जोड़ा।

उन्होंने कहा कि झारखंड में आज जो भी विकास दिख रहा है, वह भाजपा सरकार की देन है। झामुमो ने तो अलग राज्य आंदोलन को भी बेच कर नरसिम्हा राव सरकार से पैसा ले लिया, जिसके कारण नेताओं को तिहाड़ जेल भी जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद को राज्य के विकास से नही अपने परिवार के विकास की चिंता है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन परिवार खुद भ्रष्टाचार में डूबा है और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण भी दे रहा है। आलम यह है कि परिवार ने भ्रष्टाचार के क्षेत्र का भी बंटवारा कर लिया है। रेलवे साइडिंग भी अपने परिवार में सीता सोरेन, वसंत सोरेन के नाम से बांट लिये हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि इतनी संपत्ति कहां से अर्जित की। इडी पूछ रही तो साफ साफ बता दें, लेकिन ये भयभीत हैं, सुप्रीम कोर्ट जा रहे, महंगे वकील रख कर पैरवी करा रहे। लेकिन प्रधानमंत्री ने लाल किले से कहा है न खायेंगे, न खाने देंगे।

## गरीबों के अनाज की हो रही लूट

उन्होंने कहा कि आज राज्य में अपराधी, भ्रष्टाचारी बेलगाम हैं, बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। यहां तो मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। मोदी सरकार द्वारा गरीबों के लिए भेजे गये अनाज की भी कालाबाजारी हो रही। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में गरीबों के अनाज की लूट हुई। कहा कि राज्य में हत्या,लूट,बलात्कार चरम पर है और पुलिस वसूली में लगी है। उन्होंने कहा कि राज्य से हेमंत सरकार को हटाये बिना विकास संभव नहीं। उन्होंने 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया।

# पीएम ने अपनी माटी से जुड़ने का अवसर दिया है : रीता चौरसिया



केंद्रीय संचार ब्यूरो के मेरी माटी मेरा देश अभियान आधारित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का देवघर के आरएल सर्राफ स्कूल में भव्य उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेला के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो , सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार की रांची तथा दुमका इकाई द्वारा संयुक्त रूप से देवघर के आर एल सराफ विद्यालय परिसर में 26 अगस्त से चलने वाली पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ।

प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी तथा जन प्रतिनिधि रीता चौरसिया ने किया। इस अवसर पत्र सूचना कार्यालय रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद, आरएल सर्राफ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजीव कपूर, सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान, सीबीसी धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार पांडेय एवं स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक गण, अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के बारे में अतिथियों को क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी दुमका, शाहिद रहमान ने विस्तृत जानकारी दी।




मुख्य अतिथि रीता चौरसिया ने भारत सरकार के विभाग द्वारा देवघर में इस प्रदर्शनी को लगाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों में इस प्रदर्शनी को देखने के बाद देश भक्ति का जज्बा बढ़ेगा और देश वीर सपूतों के प्रति श्रद्धा भाव पनपेगा। मैं प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद देना चाहूंगी उन्होंने हमे फिर से अपनी माटी से जुड़ने का अवसर प्रदान किया है। पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने बताया कि प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी है, साथ ही साथ चंद्रयान-3 पर सेल्फी प्वाइंट, मेरी माटी मेरा देश, एवं अमृत महोत्सव इत्यादि विषयों पर रोचक जानकारियां दी जायेंगी, जिसका लाभ यहां मौजूद छात्र छात्राएं अवश्य उठायें।

धन्यवाद ज्ञापन में सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने देवघर में लगी पांच दिवसीय प्रदर्शनी की प्रमुख विशेषताओं को गिनाया। जैसे विजय स्तंभ का रेप्लिका लगाना, पीएम मोदी अपने हाथों में मिट्टी कलश लिये हुए मेरी माटी मेरा देश सेल्फी प्वाइंट, झारखंड के वीर सपूतों पर विशेष खंड, और मशहूर सेनानियों की आदम कद फोटो रेप्लिका, आदि का इस प्रदर्शनी में समायोजन किया जाना।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय मौजूद थे। मंच संचालन सीबीसी धनबाद के सहायक अधिकारी राज किशोर पासवान ने किया। वहीं इसके आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सफीक आलम तथा खुर्शीद आलम की भी महती भूमिका रही। सीबीसी रांची कार्यालय के कर्मी श्रीकांत मोदी तथा दुल्लम पांडेय भी प्रदर्शनी के आयोजन में अपना सहयोग दे रहे हैं।

विभाग से मान्यता प्राप्त किशोर बबुआ कला परिषद दल ने बेटी बचाओ विषय पर नाटक का मंचन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच के घेरे में रघुवर दास और भाजपा के पांच पूर्व मंत्री

# एसीबी कर रही है जांच, मैनहर्ट पर भी खुलेगी फाइल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एसीबी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और उनके शासनकाल के पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति के मामले में एसीबी ने प्रिलिमिनरी इंक्वायरी (पीइ) दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मैनहर्ट घोटाले में एसीबी को पूर्व सीएम के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति मिल सकती है। निगरानी सचिव ने एसीबी द्वारा मांगी गयी अभियोजन स्वीकृति की फाइल अपने पास मंगा ली है। तीन माह पहले एसीबी ने निगरानी और विधि विभाग से रघुवर दास पर लगे आरोपों पर मंतव्य मांगा था।

## पांच मंत्रियों की संपत्ति पर सवाल

एक तरफ रघुवर दास पर कार्रवाई की तैयारी है, तो दूसरी तरफ भाजपा के पूर्व पांच मंत्रियों के खिलाफ एसीबी मुख्यालय स्तर से एक टीम का गठन कर लिया गया है। एसीबी ने मामला दर्ज किया है। इन पांच मंत्रियों में रणधीर सिंह, अमर कुमार बाऊरी, नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा यादव और लुईस मरांडी हैं, जिनके खिलाफ एसीबी जांच कर रही है। एसीबी ने यह कार्रवाई राज्य सरकार के निर्देश पर की है। एसीबी जल्द ही पूर्व मंत्रियों की संपत्ति के संबंध में साक्ष्य एकत्रित करने के लिए उन्हें नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी में हैं।

## मंत्रियों की आमदनी पर उठे सवाल

झारखंड हाइकोर्ट में वर्ष 2020 में पंकज कुमार यादव बनाम झारखंड राज्य एवं राज्य सरकार के पूर्व मंत्रियों को लेकर आय से अधिक संपत्ति मामले में जनहित याचिका दायर की गयी थी। इसमें इन पूर्व मंत्रियों की संपत्ति 200 से 1100 प्रतिशत तक बढ़ने के आरोप लगाये गये थे। इस पर राज्य सरकार ने एसीबी से जांच कराने का आदेश दिया था।

## मैनहर्ट की नियुक्ति पर होगी जांच

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अक्टूबर 2020 में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज निर्माण का डीपीआर तैयार करने वाली परामर्शी कंपनी मैनहर्ट की नियुक्ति में पूर्व नगर विकास मंत्री रघुवर दास पर अनियमितता और भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी को पीई दर्ज करने का आदेश दिया था। अब इस पर कार्रवाई शुरू हो रही है। सरयू राय के परिवाद और हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीएम ने एसीबी को जांच कराने का आदेश दिया था।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ भी दो दिनों में चार थानों में एफआइआर दर्ज हुई है। इस तरह के लगातार हमलों से अब भाजपा सतर्क हो रही है। भाजपा नेताओं से जुड़े मामलों पर भी कार्रवाई तेज हो गयी है।

# रांची में रेल नीर प्लांट स्थापित होने से रोजगार मिलेगा : दीपक प्रकाश

दीपक प्रकाश ने केंद्रीय रेलवे मंत्री को पत्र लिख कर रांची में रेल नीर प्लांट की स्थापना करने का आग्रह किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिख कर झारखंड की राजधानी रांची में रेल नीर प्लांट स्थापित करने का आग्रह किया है। श्री प्रकाश ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय रेलवे मंत्री को दक्षिणी पूर्वी रेलवे अंतर्गत रांची डिवीजन में रेल नीर प्लांट लगाने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि पूरे झारखंड राज्य में वर्तमान समय में रेल नीर (पैकेज्ड पेयजल) की आपूर्ति दानापुर, बिहार से होती है, परंतु खपत के अनुसार यात्रियों को रेल नीर की आपूर्ति नहीं हो पाती है। ट्रेनों और स्टेशनों पर लोकल पानी बोतल का अक्सर उपयोग होता है, जिससे यात्रियों को गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाता है एवं यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने लिखा है कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन को रेल यात्रियों के साथ-साथ रेलवे परिसर में आने वाले आगंतुकों एवं ट्रेनों में उच्चतम गुणवत्ता की सेवा और उत्पाद सुनिश्चित कराना है।



राज्य के लोगों को गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल के साथ-साथ राज्य में रोजगार सृजन होने की आशा व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द रांची में रेल नीर की प्लांट स्थापित करने की मांग की है।

झारखंड में भ्रष्टाचार पर करारी चोट

# अब नपेंगे प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इसमें प्रमुख तौर पर रांची जिले के तत्कालीन अंचल अधिकारी अनिल कुमार का नाम है। अनिल कुमार पर आरोप लगा था कि उन्होंने जमीन माफिया से मिलीभगत कर जुमार नदी को भर कर जमीन बेचने में भूमिका निभायी। मामले में कार्रवाई करते हुए अनिल कुमार को असंचायत्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक का दंड अधिरोधित किया गया है।

कांके अंचल स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पीछे जुमार नदी को भर कर बेचने की तैयारी में जमीन माफिया से मिलीभगत और सरकारी जमीन घोटाले में संलिप्तता का आरोप इन पर लगा था।

## विवेक कुमार के खिलाफ लगे ये आरोप

इसके अलावा दुमका के जामा के तत्कालीन बीडीओ विवेक कुमार सुमन के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया है। सुमन के विरुद्ध प्रखंड अंतर्गत पंचायत स्तर की योजनाओं का प्रखंड स्तर से एफटीओ करने, बिना कार्य कराये कुल 9,73,500 की राशि पंचायत एवं प्रखंड से निकासी करने एवं मनरेगा एक्ट का खुलेआम उल्लंघन करने के साथ भ्रष्टाचार में संलिप्त रहकर अनुसूचित जाति के लोगों को प्रताड़ित कर स्वार्थवश राशि की बंदरबांट करने का आरोप लगा था।

## मुकेश के खिलाफ अधिसूचना जारी

एक अन्य मामले में साहिबंगज के पतना के तत्कालीन बीडीओ मुकेश पर आरोप लगा था कि उन्होंने मनरेगा के तहत संचालित परियोजनाओं में वित्तीय अनियमितता बरती। उनके खिलाफ कुल 14 आरोप लगाये गये थे। इस मामले में उनके खिलाफ दो वेतन वृद्धि पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। कार्मिक विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

# संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मिलेगा 180 दिन का मातृत्व अवकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य कर्मियों की तर्ज पर संविदा के आधार पर नियुक्त और कार्यरत कर्मियों को मातृत्व अवकाश की सुविधा दी जायेगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में शनिवार को संकल्प जारी कर दिया है। वित्त विभाग के संकल्प के बाद अन्य विभागों की ओर से निर्देश जारी किये जा रहे हैं। इसी आलोक में ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड के सभी मनरेगा अंतर्गत संविदा पर कार्यरत महिला क्षेत्रीय कर्मियों को मातृत्व अवकाश की सुविधा अनुमान्य करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को पत्र लिखा है और नियमानुसार मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत महिला क्षेत्रीय कर्मियों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का निर्देश दिया है। ऐसे में राज्य सरकार ने पड़ोसी राज्यों में संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने से संबंधित प्रभावी प्रावधान को देखते हुए संविदा पर नियुक्त और नियमित रूप से कार्यरत महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की स्वीकृति दी है।

# एनआइए ने माओवादी कमांडर से पूछताछ की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने कुख्यात माओवादी कमांडर नागेंद्र से पूछताछ की है। एनआइए की रांची ब्रांच ने नागेंद्र को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पलामू के पांकी निवासी नागेंद्र उरांव ने कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। तीन अलग-अलग घटनाओं में 22 पुलिस के जवान शहीद हो गये थे। बता दें कि लातेहार पुलिस ने बीते 6 जून को नागेंद्र को गिरफ्तार किया था।

**माओवादियों के गुरिल्ला दस्ता का कमांडर था नागेंद्र**

नागेंद्र उरांव माओवादियों के गुरिल्ला दस्ता का कमांडर था। पिछले कई वर्षों से वह माओवादियों के मारक दस्ते का भी प्रमुख रहा था। वर्ष 2013 कटिया में जिस माओवादी हमले में 12 जवानों की मौत हुई थी। उस हमले में भी नागेंद्र उरांव शामिल था। हमले के बाद माओवादियों ने शहीद पुलिस जवानों के शरीर में आइडी फिट किया गया था। इसके अलावा वर्ष 2018 में माओवादी दस्ते ने खपरी महुआ में पुलिस की टीम पर हमला किया था, जिसमें छह जवान शहीद हुए थे। इस हमले में भी नागेंद्र ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

# पारा शिक्षकों के आरक्षण पर राज्य से जवाब मांगा, अगली सुनवाई 31 को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को चुनौती दी गयी है। बीआरपी और सीआरपी बहादुर महतो और अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी। याचिका में जेएसएससी को भी प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गयी थी। बाद में संविदा कर्मियों का आरक्षण समाप्त कर दिया गया और नियमावली को संशोधित किया। राज्य सरकार ने संशोधित सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनायी है, जिसके तहत अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है।

# सोनम देवी राजद महिला प्रकोष्ठ की हजारीबाग जिलाध्यक्ष मनोनीत

संगठन को मिलेगी मजबूती : रानी कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने हजारीबाग निवासी सोनम देवी को हजारीबाग जिला राजद महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस संबंध में शनिवार को राजधानी स्थित प्रदेश राजद कार्यालय में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। रानी कुमारी ने कहा कि सोनम देवी के संगठन में शामिल होने से राष्ट्रीय जनता दल को मजबूती मिलेगी। मौके पर काफी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विशेष रूप से पिंकी देवी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव उपस्थित थीं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में हेमंत कुमारी, रीता देवी, प्रियंका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पार्वती कुमारी, नीतू राज, रेखा देवी, मुनिया देवी, सुनीता देवी, अंजू देवी, विनय महतो, ज्योति कुमारी, अविनाश कुमार, सुचिता प्रसाद महतो सहित अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.2 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.29 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# झारखंड की सभी लोकसभा-विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी नवोदय जनतांत्रिक पार्टी: मदन महतो

## ■ स्पष्ट स्थानीय और विस्थापन नीति जैसे मुद्दों का समाधान करना प्राथमिकता में शामिल

## ■ झारखंड राज्य के विकास के लिए समर्पित, बुद्धिजीवियों ने गठित की है यह पार्टी

## ■ झारखंडवासियों को उनका हक और अधिकार दिलाना हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य

आजाद सिपाही विशेष

नवोदय जनतांत्रिक पार्टी, नवोदय विद्यालय से पास आउट हुए बुद्धिजीवियों द्वारा गठित की गयी है। इस पार्टी का मानना है कि आज के दौर में देश में जो भी पार्टियां और राजनीतिक दल हैं, वे जनता से दूर होती जा रही हैं। इसी दूरी को पाटने की कोशिश कर रही है नवोदय जनतांत्रिक पार्टी। इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य झारखंड में स्पष्ट स्थानीय नीति लाना और विस्थापन जैसी समस्या का समाधान करना। इस पार्टी का मानना है कि झारखंड गठन के 22 साल बाद भी झारखंडवासी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। कैसे उन्हें उनका हक मिले और मुख्यधारा से वे कैसे जुड़ें, इसके लिए पार्टी प्रयत्नशील है। झारखंड में एनडीए या यूपीए की सरकार रही है। लेकिन अब तीसरे फ्रंट की जरूरत है, जहां उन नेताओं को भी मौका मिलेगा, जो सालों से पार्टी का झंडा ढो रहे हैं और उन्हें झारखंड हित में कार्य करना है, लेकिन मौके के अभाव के कारण वे अपना सौ प्रतिशत नहीं दे पाते। नवोदय जनतांत्रिक पार्टी उन जुझारू नेताओं को भी टिकट देगी। नये विचारों वाले लोगों को भी पार्टी दल में शामिल करेगी, जिससे झारखंड को नयी दिशा और नये आयाम प्राप्त हों। नवोदय जनतांत्रिक पार्टी 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर अपना प्रत्याशी देगी। पार्टी का नारा है, समस्या आपकी, समाधान हमारा। प्रस्तुत है नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन महतो से आजाद सिपाही **संवाददाता सुनील सिंह** की खास बातचीत।




● **सवाल:** *नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के गठन का उद्देश्य क्या है?*

**जवाब:** देखिए नवोदय जनतांत्रिक पार्टी का गठन मूल रूप से नवोदय विद्यालय से पास आउट हुए और बुद्धिजीवियों ने किया है। आज इस पार्टी की आवश्यकता इसलिए पड़ी कि देश में जो भी पार्टियां और राजनीतिक दल हैं, वे जनता से दूर होती जा रही हैं। राजनीति भी अब बहुत खर्चीली हो गयी है। इसमें धन-बल का बोलबाला हो गया है। चुनाव आयोग ने भी 40 लख रुपये तक खर्च करने की अनुमति दे दी है। इससे आप समझ सकते हैं कि जिसके पास 40 लाख रुपया नहीं होगा, तो क्या वह इस चुनावी प्रक्रिया में शामिल हो सकता है। वैसे लोग, जो सही मुद्दों पर राजनीति करना चाहते हैं, लेकिन पैसे के अभाव में वे चुनाव लड़ने से वंचित न हो जाते हैं। हमारी पार्टी चाहती है कि ऐसे साधारण लोग, जो शिक्षित हैं और वाकई में ईमानदारीपूर्वक जनता की सेवा करना चाहते है उन्हें एक मंच मिले।

● **सवाल:** *देशभर में बहुत सारी पार्टियां हैं, फिर एक नये दल की आवश्यकता क्यों पड़ी?*

**जवाब:** नये दल की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि अभी पुराने दलों में लोग 40-40 साल 30-30 साल से उसका झंडा ढोते रहते हैं, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलता। अपना पैसा और समय सब कुछ लगाते हैं, फिर भी उन्हें चुनाव लड़ने तक का मौका नहीं मिलता। हमारी पार्टी चाहती है कि जो व्यक्ति समाज में अच्छी साख रखता है, सामाजिक काम करता है, जनता के हित में काम करता है, वैसे लोगों को हम चुनाव लड़ायेंगे। उन्हें जनता की आवाज बना कर सदन में भेजेंगे। इसके लिए एक दल की आवश्यकता होगी। इसी आवश्यकता को पूरा करने के लिए हम एक विकल्प देना चाहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी गठन की आवश्यकता महसूस हुई।

● **सवाल:** *झारखंड प्रदेश में नवोदय जनतांत्रिक पार्टी का भविष्य क्या लगता है। अब 2024 में चुनाव होना है, इसे लेकर पार्टी ने अब तक क्या तैयारी की है?*

**जवाब:** जहां तक पार्टी की तैयारी की बात है, झारखंड में अब तक दो गठबंधन ने ही राज किया है। एक एनडीए और दूसरा यूपीए, जो अब आइएनडीआइए बन गया है। दोनों की कार्य प्रणाली को देखें तो इन 23 वर्षों में जनता की समस्या जस की तस बनी हुई है। यहां के स्थानीय लोगों को हक और अधिकार नहीं मिला है। इसलिए पार्टी ने तीसरे विकल्प के रूप में लोगों के बीच जाने का निर्णय लिया है। इन दोनों गठबंधन का बेसिक एक ही है। जो लोग इतने साल में नहीं बदले वे आनेवाले समय में बदल जायेंगे, इसकी क्या गारंटी है। हम नयी विचारधारा के लोगों के साथ काम करना चाहते हैं। हमारी पार्टी कभी भी सत्ता में आती है, तो मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री या कोई और मंत्री आम चुनाव में शामिल नहीं होंगा, क्योंकि जब वह किसी पद पर आसीन हो जाता है, तो वैसे लोग दल से ऊपर हो जाते हैं। ऐसे लोगों को चुनाव की प्रक्रिया से दूर रहने की जरूरत है। कई नेता विधानसभा और लोकसभा में निर्वाचित होते हैं और दोनों जगह से पेंशन लेते हैं। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। हमारी पार्टी कभी भी सत्ता में आयी तो जनता को उचित मांग के लिए बेवजह की रैली और धरना प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जनता का जो भी मुद्दा है, उसका नियम सम्मत समाधान किया जायेगा। इसलिए हमारी पार्टी का नारा है- समस्या आपकी समाधान हमारा।

● **सवाल:** *आगामी लोकसभा और विधानसभा का चुनाव होना है। इसे लेकर पार्टी ने क्या कुछ तैयारी की है। संगठन का विस्तार कितना हुआ है?*

**जवाब:** देखिए राज्य के लगभग 15 जिलों में हमारी पार्टी ने कमेटी का गठन कर लिया है। हमारी पार्टी प्रदेश के दो उपचुनाव में अपना प्रत्याशी उतार चुकी है। इसमें मांडर और रामगढ़ उपचुनाव हम लड़ चुके हैं। शुरुआती दौर होने के बावजूद जनता का समर्थन हमें मिला। भले ही हम लोग चुनाव नहीं जीत पाये, लेकिन अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे। पार्टी को लोगों में एक विकल्प के रूप में स्थापित कर पाये हैं। पार्टी का विचार है कि राजनीति में आने वाले लोग इसे पेशा के रूप में नहीं, सेवाभाव के रूप में अपनायें। आप काम भी करें और काम करने के बाद जो समय बचता है, वह समाज सेवा और देश हित में लगायें। अगर हम भूखे रहेंगे तो समाज सेवा नहीं कर सकते हैं और फिर हम लूटने में लग जायेंगे। आगामी 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सभी 14 लोकसभा और 81 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी देने की तैयारी है। वैसे लोग, जो पार्टी की विचारधारा से सहमत होंगे, साथ ही शिक्षित और ईमानदार होंगे, उन्हें पार्टी टिकट देगी।

● **सवाल:** *नवोदय जनतांत्रिक पार्टी की स्थानीय नीति 1932 आधारित खतियान और ओबीसी आरक्षण पर क्या स्टैंड है?*

**जवाब:** झारखंड प्रदेश का दुर्भाग्य है कि अब तक स्थानीय नीति परिभाषित नहीं हो पायी है। जिस समय झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन चल रहा था उस समय हम लोगों को लगता था कि बिहार ने हम लोगों को लूटा है। इस क्षेत्र के लोगों के विकास में बाधक बने हैं। लेकिन अब स्थिति यह है कि हम लोग खुद एक दूसरे को ही लूट रहे हैं। अब हम लोग इसकी शिकायत किसके पास करें। यहां नियम और नीतियां बन रही है, तो वह कोर्ट में जाकर खारिज हो जा रही हैं। अगर हमारे राजनेता सही नियम कानून बनाते, तो वह कोर्ट में खारिज नहीं होती। हमारी पार्टी सभी को साथ लेकर विधिसम्मत कानून बनायेगी। हमारे छात्र, बेरोजगार युवाओं को कोई दिक्कत ना हो और उन्हें कोर्ट कचहरी का चक्कर न लगाना पड़े।



**परिचय:**
मदन महतो, पिता स्व चंद्रमोहन महतो, पता: ग्राम काशीडीह, भुइयांडीह, तमाड़, रांची
**शैक्षणिक योग्यता :**
एमए आरडी, एलएलबी
**पेशा :**
अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय रांची।
**राजनीतिक पृष्ठभूमि:**
2007 में युवा जदयू रांची जिला अध्यक्ष, 2009 में सचिव बिरसा प्रगतिशील समिति, 2010 आजसू पार्टी, 2011 में बीजेपी, 2020 से एनजेपी।

● **सवाल:** *1932 खतियान मांग जो को आप क्या मानते हैं?*

**जवाब:** देखिए जहां तक 1932 खतियान की बात है। राज्य में अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग समय में सर्वे किया गया था। इसलिए सिर्फ 1932 को ही एक मानक मानना मेरी समझ से उचित नहीं है और यह कभी लागू होना संभव भी नहीं है, सच्चाई यही है। नीतियां बनें, लेकिन नियमसम्मत बनें और उसमें खतियान आधारित स्थानीय नीति हो या अंतिम सर्वे को मान्यता दी जाये। मुझे नहीं लगता कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति में कानूनी पेंच आ सकती है।

● **सवाल:** *झारखंड प्रदेश में कुड़मी महतो बरसों से अनुसूचित जनजाति में शामिल होने की मांग कर रहे हैं, इस पर पार्टी का क्या स्टैंड है?*

**जवाब:** देखिए लोकतंत्र में सभी लोगों को अपनी मांग रखने का अधिकार है। कुड़मी जाति जनजाति में शामिल होने की मांग करती है, तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है। अगर विधिसम्मत उनके पास कोई साक्ष्य है, तो उन्हें साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए। नियम भी यही कहता है। इसकी एक प्रक्रिया है। विधानसभा से इसे पारित कर लोकसभा भेजा जायेगा, फिर वहां लोकसभा के दोनों सदनों से पारित होगा। फिर राष्ट्रपति की मुहर लगेगी, इसके बाद वेअनुसूचित जनजाति में शामिल हो पायेंगे। यह मांग करना उनका संवैधानिक अधिकार है।

● **सवाल:** *झारखंड प्रदेश की मौजूदा सरकार के कामकाज को लेकर के पार्टी क्या सोचती है?*

**जवाब:** देखिए जिस मेनिफेस्टो के आधार पर यूपीए गठबंधन ने जनता का मताधिकार प्राप्त किया है, उस पर राज्य सरकार खरा नहीं उतर पायी है। कोई भी राजनीतिक दल अगर अपने चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप कार्य नहीं करता है, वैसे राजनीतिक दल से चुने हुए विधायकों को वापस बुलाने का अधिकार भी लोगों को मिलना चाहिए। चुनाव के समय में जब आप लोगों को आश्वासन देते हैं और वह आश्वासन पूरा नहीं करते तो इसका मतलब आप जानबूझ कर के नहीं करना चाहते हैं। यही स्थिति मौजूदा सरकार में भी देखने को मिल रही है। वे सब्जबाग दिखा कर चुनाव जीत गये और आज वही युवा अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। इसलिए कह सकते हैं कि राज्य सरकार सिर्फ भावनाओं के साथ खेल रही है। बुनियादी काम नहीं हुआ है।

● **सवाल:** *मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद डुमरी ने उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव में पार्टी का स्टैंड क्या है?*

**जवाब:** हमारी पार्टी डुमरी उपचुनाव नहीं लड़ रही है। वहां की जनता सक्षम प्रत्याशी को चुनने में सक्षम है। हमारी पार्टी बगैर तैयारी के चुनाव में नहीं लड़ती है। हम 2024 के चुनाव की तैयारी कर रहे हैं।

● **सवाल:** *पार्टी की नजर में झारखंड प्रदेश में सबसे अहम मुद्दा क्या है, जिसे लेकर पार्टी आगामी चुनाव में उतरेगी?*

**जवाब:** झारखंड के लिए सबसे अहम मुद्दा विस्थापन नीति है। यहां के लोग विस्थापित हो जाते हैं, लेकिन उन्हें उसका मुआवजा नहीं मिलता है। आज हम चांडिल डैम की बात करें, तो आज तक चांडिल डैम के विस्थापित अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आप सोच सकते हैं कि भाखड़ा नांगल परियोजना का इश्यू समाप्त हो सकता है, तो चांडिल डैम का क्यों नहीं। यह एक छोटी सी परियोजना है। इससे साफ है कि इन समस्याओं का समाधान करने की इच्छाशक्ति ही नहीं है। इसलिए पार्टी चाहती है कि झारखंड में विस्थापन नीति बने और राज्य में एक विस्थापन आयोग का गठन हो। झारखंड प्रदेश में 40 प्रतिशत खनिज संपदा है। इसके बावजूद हमारा राज्य पिछड़ा है। इसका मूल कारण यही है कि इन समस्याओं के समाधान के लिए राजनेताओं में इच्छाशक्ति नहीं है। ऐसे नेता सिर्फ अपना हित साधने में लगे रहते हैं। मौजूदा विधायकों की संपत्तियों को आप देख सकते हैं कि चुनाव जीतने से पहले उनके पास क्या था और चुनाव जीतने के बाद कितनी संपत्ति अर्जित कर ली। राज्य का दूसरा सबसे अहम सवाल है कि यहां ब्यूरोक्रेट्स हावी हैं। इसका मूल कारण है कि यहां के नेता पढ़े-लिखे नहीं हैं। अगर पढ़े-लिखे भी हैं, तो उन्हें नियम कानून और की जानकारी नहीं है। इसीलिए अधिकारी पदाधिकारी जैसे चाहते हैं, उन्हें हांकते हैं। झारखंड प्रदेश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। जेपीएससी की अगर हम बात करें, तो अब तक मात्र 10 परीक्षाएं हो पायी हैं और इन सभी नियुक्तियों में कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना पड़ा है। इसका मतलब है कि जनता हित में ना ही नेता को इंटरेस्ट है और ना ही ब्यूरोक्रेट्स को। इसलिए पार्टी का विचार है कि ऐसा जनप्रतिनिधि चुनावी मैदान में उतरे, जो शिक्षित होने के साथ-साथ नियम कानून भी जानता हो।

# खेल निदेशक ने छठी सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप का उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में शनिवार, 26 से 29 अगस्त तक हॉकी झारखंड, टाटा स्टील और झारखंड खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छठवीं सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप (महिला और पुरुष) 2023 का आयोजन हो रहा है। शनिवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन हुआ।

खेल निदेशक ने मेजर ध्यान चंद की फोटो पर पुष्प अर्पित किये

## महिला वर्ग से आठ टीमें और पुरुष वर्ग से 16 टीमें भाग ले रही हैं

बता दें कि इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग से आठ टीमें और पुरुष वर्ग से 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी और एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू में किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि खेल निदेशक सुशांत गौरव ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की फोटो पर पुष्प अर्पित किये। साथ ही झंडोत्तोलन कर, खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मनोहर टोपनो ओलंपियन, विजय शंकर सिंह महासचिव हॉकी झारखंड, रजनीश कुमार सीइओ हॉकी झारखंड सहित कई गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विष्णु अग्रवाल ने इडी कोर्ट में जमानत याचिका दायर की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु अग्रवाल ने रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में अपनी जमानत के लिए याचिका दायर की है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। अपनी जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है और वह पूरी तरह से निर्दोष हैं। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत अर्जी मंजूर करने की गुहार लगायी है। विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं। इडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश से भी इडी पूछताछ कर चुकी है।

## रेलवे लाइन के किनारे से मिला शव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत मोरियावां में रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव पोल संख्या 391/5 के पास मिला है। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष होगी। जानकारी के अनुसार, वहां से गुजर रहे लोगों ने सुबह 6 बजे शव को देखा। इसके बाद उन्होंने जीआरपी और आरपीआफ को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गयी। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी है।

## पुलिस ने मवेशी लदे पांच ट्रक को पकड़ा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत बागीटांड के समीप से शुक्रवार की रात कोडरमा पुलिस ने पांच ट्रकों में क्षमता से अधिक लदे मवेशियों को पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार वाहनों से लोड मवेशियों को उत्तर प्रदेश के दिलदार नगर से पश्चिम बंगाल लेकर जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना पर बागीटांड के समीप पहले दो ट्रक को रोका। जिसकी जांच में ट्रक पर क्षमता से अधिक मवेशी लोड पाये गये, वहीं इसके बाद पीछे से आ रहे तीन और ट्रकों की जांच करने पर उसमें भी क्षमता से अधिक मवेशी पाये गये। प्रत्येक ट्रक में 15 से अधिक मवेशी और उनके बच्चे बरामद किये गये हैं। फिलहाल कोडरमा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इधर कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि सभी वाहनों में लोड जानवरों के बाबत कागजात की जांच की जा रही है।

## सरकारी स्कूलों में शिक्षा की लचर व्यवस्था से अभिभावक परेशान



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की लचर व्यवस्था से अभिभावक परेशान हैं। सरकारी उदासीनता के चलते खत्म होते जा रहा है। जब से सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत हुआ है तब से अब तक शिक्षा का व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। पढ़ने के बजाय शिक्षक सरकारी काम में रहते हैं। कक्षा 1 से सातवीं तक बच्चे बिना परीक्षा दिये पास हो जाते हैं। मूल्यांकन के नाम पर खानापूर्ति के सिवा कुछ नहीं होता। आज के सातवीं कक्षा के बच्चे सही रूप से लिख नहीं पाते हैं। शिक्षा पर ध्यान नहीं बल्कि भोजन के चलते बच्चे बिगड़ रहे हैं। दूसरी ओर शिक्षक को कामों में लगा देने से शिक्षा का स्तर बिगड़ चुका है। शिक्षक पहले पढ़ाई पर ध्यान देते थे, लेकिन अब सरकारी दबाव के चलते शिक्षा के प्रति ध्यान नहीं देकर विभिन्न कामों में व्यस्त रहते हैं। शिक्षक का काम पढ़ाने के बजाय ड्रेस वितरण, बैग वितरण, किट वितरण, छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन करना जांच करना, पल्स पोलियो, पशु गणना, राशन कार्ड बनवाना, वोटर कार्ड बनवाना, बीएलओ का काम करना, जाति प्रमाण पत्र बनाना, जन्म प्रमाण पत्र बनाना, साइकिल वितरण करवाना, उन्हें सूचित करवाना, बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी करना, शिक्षकों का काम रहा है। ऐसे में शिक्षा के प्रति विद्यालयों में कैसे रहेगा शिक्षकों का ध्यान, बच्चों के प्रति सोचनीय विषय है। बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में सही मिले, इसके लिए सभी शिक्षकों को अन्य कार्य से दूर होना होगा, तभी बच्चों की पढ़ाई के प्रति शिक्षकों का ध्यान विशेष रूप से होगा।

## आयुष ग्राम में हर्बल पौधरोपण और वितरण

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में नेशनल आयुष मिशन झारखंड के तहत जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देशानुसार जयनगर प्रखंड के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जयनगर के डॉक्टर संदीप कुमार के द्वारा आयुष ग्राम तरवन, आंगनबाड़ी केंद्र तरवन, जयनगर पश्चिम पंचायत सचिवालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर में हर्बल पौधारोपण किया और तरवन के ग्रामीणों के बीच घर-घर जाकर हर्बल पौधा वितरण किया। जिसमें जामुन, पपीता, अर्जुन, अनार, आंवला आदि पेड़ का वितरण किया। डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि 28 अगस्त को हर्बल पौधा शमारीटांड और इरगोबाद में लगाया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. अंकिता कुमारी, डॉ. आलम, डॉ. तौशिक, डॉ. प्रियंका, डॉ. आलोक, सहिया प्रिया देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोडरमा का नवलशाही और महेशपुर हॉल्ट मूलभूत सुविधाओं से है वंचित



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के कोडरमा-मधुपुर रेल खंड के नवलशाही और महेशपुर हाल्ट पर यात्री सुविधा कई वर्षों से वंचित है। दोनों हाल्टो मे शौचालय बंद है। जल, लाइट का भी ठिकाना नहीं है। साथ ही यात्रियों के उतरने के लिए भी प्लेटफार्म की सुविधा नहीं है। महेशपुर हाल्ट के आसपास के लोगों ने बताया कि यात्री बिना टिकट के सफर करते हैं। रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों को जागरूक करना चाहिए। इधर गिरिडीह- कोडरमा वाया हजारीबाग होते हुए रांची तक का 12 सितंबर को रांची इंटरसिटी ट्रेन का उद्घाटन होना है। जिसे लेकर लोगों मे उत्साह तो है परंतु दूसरी ओर यात्री सुविधा नहीं होने के कारण लोगों में रोष भी है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में एनडीए पर कार्यशाला

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को एनडीए पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल नीरज द्विवेदी मौजूद थे। शिक्षक शंकर कुमार ने अतिथि का परिचय दिया और विषय प्रवेश कराया। उन्होंने बच्चों को एनडीए के महत्व और एनडीए की परीक्षा पास करने के कई टिप्स बताये। वहीं मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नीरज द्विवेदी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और कहा कि एनडीए में काफी स्कोप है। उन्होंने एनडीए की तैयारी करने समेत अन्य जानकारियां उपलब्ध कराई। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की बच्चे एनडीए में अपना कैरियर बना सकते है। उन्होंने कहा कि करियर से संबंधित कार्यशालाएं इस विद्यालय में लगातार आयोजित की जाती है, जिसका लाभ छात्रों को उठाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन छात्र ऋषि सिंह और जाह्नवी ओझा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डॉक्टर कृति चौधरी, पिंटू वर्णवाल के अलावा कई बच्चे मौजूद थे।

## 'हमर गांव हमर जिम्मेदारी' को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** हमर गांव हमर जिम्मेदारी को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें स्वावलंबी गांव के विभिन्न चरणों में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें स्वावलंबी गांव को देख रहे सामाजिक संगठन प्रदान के प्रोजेक्ट हेड के द्वारा स्वावलंबी गांव में किये जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि अपने अपने विभाग में संचालित सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव में लाभुकों को अच्छादित करें ताकि उनके आजीविका का साधन का विकास हो। साथ ही जल संरक्षण के लिए पौधारोपण का कार्य करें। प्रदान द्वारा बताया गया कि 10 गांवों में मल्टी लेयर फार्मिंग की शुरुआत की गयी है। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य मौजूद रहे।

### दो नाबालिग बच्चों का अपहरण कर फिरौती मांगने का आरोप

# तीन मामलों के नौ आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** तिलैया पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कुल नौ आरोपियो को हिरासत में लिया है। इन सबों को शनिवार को कोडरमा जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गये आरोपियों में चार युवकों पर दो नाबालिग बच्चों का अपहरण कर फिरौती मांगे जाने का आरोप था। जबकि चार युवक बेल टूटने के मामले में तथा एक युवक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में जेल भेजा गया। तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि इसमें नाबालिग बच्चों के अपहरण कर फिरौती मांगे जाने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर रांची पटना रोड स्थित वैशाली प्रेस के निकट से कैप्टन आनंद के चीयर्स आइस फैक्ट्री से चार युवकों को पकड़ा। पहले तो आरोपियों ने इस मामले में अनभिज्ञता जाहिर की। फिर पुलिस ने जब तलाशी ली तो फैक्ट्री के एक बंद कमरे से दो नाबालिग को बरामद किया गया। जेल भेजे गये आरोपियों में राजन कुमार (31), अभय कुमार (29), दोनों के पिता अविनाश कुमार तथा राकेश कुमार (38) और राजू कुमार (45) दोनों के पिता शिव कुमार साव पता अंबेर, बिहार शरीफ, जिला नालंदा के नाम शामिल है। जबकि अल्पसंख्यक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पहाड़पुर निवासी आर्यन कुमार यादव को जेल भेजा गया। वहीं इनके अलावा चार अन्य को बेल टूटने पर जेल भेजा गया।

### श्रद्धालुओं के लिए रोशन लाल चौधरी के सौजन्य से किया गया फल का वितरण

# लोगों की सेवा करना ही है आजसू पार्टी का लक्ष्य: तपेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** सावन के इस पावन माह में रजरप्पा के भैरवी नदी से जल उठाकर लगभग 110 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर प्रखंड के बहुत चर्चित मोहदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में जल चढ़ाने की पुरानी परंपरा है इसी को लेकर इस सावन के इस पावन महीने के अंतिम सोमवारी को बड़कागांव प्रखंड सहित अन्य जगहों के हजारों श्रद्धालु रजरप्पा के भैरवी नदी से जल उठाकर बुढ़वा महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए निकले हैं। जिसको लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के सौजन्य से उनके रजरप्पा सांडी स्थित अपने पैतृक आवास के पास सभी श्रद्धालुओं के सेवा के लिए फल शरबत पानी सहित अन्य चीजों की व्यवस्था किया गया है। जिसमें पदयात्रा कर रहे सभी कांवरियों को बड़कागांव आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष तुलेश्वर राम, किसान मोर्चा के प्रखंड सचिव सुरेश दांगी सहित अन्य लोगों के द्वारा फल, शरबत, पानी पिलाकर उन्हें सेव किया जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने कहा है कि हमारे नेता रोशन लाल चौधरी लगातार बड़कागांव वासियों के दुख सुख में शामिल रहते हैं उनका हमेशा प्रयास होता है कि बड़कागांव वासी विकास के पथ पर चलते रहे। वहीं प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि हमारे पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता और नेता का उद्देश्य ही है लोगों की सेवा करना। इसी भावना से हम सभी पार्टी कार्यकर्ता लगातार लोगों की सेवा में लगे रहते हैं इसी का परिणाम है कि आज हजारों श्रद्धालुओं के लिए हम लोगों के बड़े भाई रोशन लाल चौधरी से के सौजन्य से यह व्यवस्था की गयी है। क्योंकि उनका कहना है कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वहीं उपस्थित सभी श्रद्धालु फल शरबत पानी प्रकार काफी खुश नजर आ रहे थे।

### साइकिल प्रतियोगिता में अभिषेक चैंपियन, कोमल बनी उप विजेता

# खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं: शालिनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा झुमरीतिलैया के द्वारा खेल को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर देश भर की 800 शाखाओं के द्वारा गांव से लेकर शहर से साइक्लोन 3.0 के तहत साईकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर सीएच+2 उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया में शनिवार को 36 छात्राओं और 16 छात्रों के बीच सात राउंड में 400 मीटर प्रति राउंड साइकिल रेस का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम अभिषेक कुमार, द्वितीय कोमल कुमारी तथा तृतीय हेमंती कुमारी को ट्रॉफी तथा 50 अन्य प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साईकिल को हरी झंडी दिखा कर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, प्राचार्य मनोज कुमार, मनोज पिलानिया, कविता पिलानीया ने रवाना किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि खेल के क्षेत्र में युवाओं में अपार संभावनाएं हैं। इस लिए युवाओं के पढ़ाई के साथ ही खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिये। सरकार की तरफ से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीधे नौकरी देने की भी व्यवस्था है। प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि युवा मंच और प्रेरणा शाखा हमेशा ही समाज को जागरूक करने का कार्य करता है। उन्होंने इसके लिए बधाई भी दी। मंच की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लड्डा, परियोजना निदेशक ज्योति परशरामपुरिया, उषा शर्मा ने कहा कि साइक्लोन 3.0 के तहत पूरे देश भर में 800 शाखाओं के द्वारा लगभग ढाई लाख लोग साईकिल चलाकर फिट रहने का संकल्प ले रहे है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से मनुष्य बीमारियों से बच सकता है।मौके पर छात्रा शिल्पा कुमारी ने कई प्रश्न पूछकर कार्यक्रम को मजेदार बना दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक गोपेश्वर साव ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, प्रीति गुटगुटिया, पायल खाटूवाला, नेहा जैन, स्वेता गुटगुटिया, रश्मि शर्मा, शिक्षिका वंदना कुमारी, कशिश भारद्वाज, मोनिका प्रसाद, रूपम कुमारी, आलोक सिन्हा, अमर प्रकाश, कमलेश्वर प्रसाद, एस यादव, अनिल कुमार, आनंद कुमार, मिलन शाहाबादी, संजय राही आदि उपस्थित थे।

# नेशनल पार्क घाटी में पलटी कार, महिला डॉक्टर बाल-बाल बची

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** थाना क्षेत्र के नेशनल पार्क घाटी कुबरी पुल के पास एक नेक्सोंन कार अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में कार चल रही महिला डॉक्टर बाल बाल बच गई। घटना शनिवार 12:15 बजे दिन की है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कार का रफ्तार तेज था। जिसके कारण घुमावदार घाटी में चालक महिला डॉक्टर ने नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते कार तीन चार पटखनी खाते हुए गड्ढे में गिरकर फिर जंगल की ओट में चली गई। गनीमत रहा की कार चला रही महिला डॉक्टर आंशिक रूप से चोटिल हो गई। जिसे राहगीरों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला डॉक्टर हजारीबाग से बरही की ओर जा रही थी इसी दौरान घटना घटी। सूचना मिलने के बाद एसआई टीनू आनंद दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और क्षतिग्रस्त नेक्सों कार को कब्जे में लेते हुए थाना ले गई।

### इचाक में पंचायत समिति की हुई बैठक

# सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** पंचायत समिति कि बैठक प्रखंड सभागार में हुई। अध्यक्षता प्रमुख पार्वती देवी और संचालन विनोद कुमार रवि ने किया। बैठक में उप प्रमुख सतेंद्र कुमार ने जिन स्कूल मे शिक्षा गुणवत्ता पूर्वक नहीं चल रहा है उसे सुधारने की बात कही। पारा टीचर को पंचायत में दूसरे गांव में करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन विद्यालय में शिक्षक की संख्या कम है उन स्कूलों में जिन विद्यालय में टीचर की संख्या ज्यादा है वहां से स्थानांतरण करने को कहा गया। खाद्य आपूर्ति विभाग एमओ द्वारा बताया गया है। अगस्त माह का अनाज उठाव हो गया है, जिसे अभिलंब डीलर द्वारा वितरण किया जाना है। मतदाता सूची में गड़बड़ी के प्रश्न पर बताया गया की बीएलओ द्वारा ऑनलाइन आधार से लिंक कर एक माह के भीतर डबल सूची को स्वतः कैंसिल कर देना है। जो भी त्रुटि है उसे चुनाव आयोग द्वारा गाइडलाइन के अनुसार सुधार कर मतदाता सूची जारी किया जायेगा। इचाक बाजार राजागढ़ में लग रहे हैं दुकानों को चिन्हित कर अवैध रूप से चल रहे दुकानों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इचाक मोड़ सिजुआ हाई से लेकर बोंगा तक सर्विस रोड में दोनों तरफ अतिक्रमण मुक्त करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। इचाक मोड़ में सरकारी सुलभ शौचालय को विधिवत रूप से चलाने के लिए पंचायत में ग्राम सभा कर एक व्यक्ति को चयन कर रखना है। पूरे प्रखंड में जल नल योजना में घोर अनियमितता बरती जा रही है जिसे जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही गयी। पंचायत सचिवों द्वारा ग्राम सभा में पंचायत समिति को सूचना आधे अधूरे और ग्रामीणों को ग्राम सभा की सूचना नही दिये जाने पर सदन ने नाराजगी जाहिर किया। बैठक में उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, वीडिओ रिंकू कुमारी, सीओ मनोज महथा, सीआई लोकेश सिंह, नकुल मोदी, पंचायत समिति सदस्य मनोहर कुशवाहा, मुकेश उपाध्याय, संतोष मेहता, बिक्की धवन, रिंकी देवी, महेंद्र पांडे, रेणु देवी, केदार मेहता, मुखिया चोहन महतो आदि उपस्थित थे।

## हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का चौबे रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत चलकुशा प्रखंड़ के चौबे रेलवे स्टेशन में हटिया-पुर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव हुआ। इस अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा के विधायक, पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया संघ अध्यक्ष आदि की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर चौबे बाजारटांड स्थित रेल आंदोलन से जुड़े नेता जयदेव चौधरी की प्रतिमा तथा मनोज चौधरी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर लोग जयदेव चौधरी का साथ देने वाले नेता मुरली सिंह और दशरथ यादव को भी याद किया। चौबे रेलवे स्टेशन पर हटिया-पुर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव से क्षेत्र वासीयों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ज्ञात हो कि वर्षों से विभिन्न मांगों को लेकर जयदेव चौधरी ने अनेको बार आंदोलन व रेल चक्का जाम किया गया, इस एक्सप्रेस के ठहराव का श्रेय वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक दोनों अपनों को दे रहे हैं, जबकि यहां के लोग इस एक्सप्रेस के ठहराव का श्रेय जयदेव चौधरी को दे रहे हैं। वहीं सांसद अन्नपूर्णा देवी के योगदान को झुठलाया नहीं जा सकता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सबिता सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक उर्फ दीपू चौधरी, उप प्रमुख शमशेर आलम, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, मुखिया कुमार अंशु, मुखिया प्रतिनिधि वासुदेव यादव, भुनेश्वर स्वर्णकार, कुमार रवि, शशि सिंह, विक्रम सिंह, अजय सिंह, इंद्रदेव चौधरी, शंकर ठाकुर, महावीर ठाकुर, सुनील पासवान, रामू पंडित, रामदेव यादव, अशोक चौधरी, दशरथ यादव, दिलीप चौधरी, अंतु चौधरी, महबूब अंसारी समेत कई उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** बच्चों को कंप्युटर शिक्षा को बढ़ावा देने तथा गरीब बच्चों को पढाई निरंतर रखने के लिए सभी पंचायत भवन में लाइब्रेरी तथा कंप्युटर सेट लगाया जा रहा है इसी के तहत भराजो पंचायत भवन में लाइब्रेरी सह कंप्युटर वर्ग का उद्घाटन बीडीओ शाइनी तिग्गा और मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने फीता काट कर और नारियल फोड़ कर किया। बीडीओ ने कहा कि आस पास के बच्चे जो कंप्युटर सिखने के लिए शहर नहीं जा सकते है वह यहां आकर सिख सकते है साथ ही किताब भी लाइब्रेरी से ले जाकर पढ़ सकता है। मौके पर उपेंद्र पांडेय, पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे, रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद, प्रधानाध्यापक शिल्पा सुहासिनी, छोटन कुमार रवि, विनोद कुमार रवि, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, सुधीर कुमार, शिवा कुमार, ललिता देवी, पिंकी देवी, कृष्णा प्रसाद, राजेश राम, दीपक कुमार, मनिषकांत कुमार, रोहित कुमार, रघुनंदन प्रसाद, प्रमेश्वर प्रजापति समेत अन्य उपस्थित थे। साथ ही पशुधन योजना के तहत ग्राम सभा मुखिया स्वास्तिका कुमारी की अध्यक्षता में किया गया।

## बीएसएफ मेरू में रोजगार मेला आज

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बीएसएफ कैंप मेरू में रोजगार मेला का आयोजन आज होगा। रोजगार मेला आयोजन के संदर्भ में बीएसएफ के आइजी टीसी एंड एस केएस बंयाल ने बताया कि सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में सेवा के लिए चयनित लगभग 1044 युवक-युवतियों को रोजगार मेला के दौरान नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कांस्टेबल पद पर सेवा के लिए बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मुहिम के तहत चयन प्रक्रिया में उत्तीर्ण चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के लिए रोजगार मेला का आयोजन मेरु कैंप हजारीबाग में आयोजित किया गया है। रोजगार मेला का आयोजन बीएसएफ परिसर अवस्थित सीमा प्रिया हॉल में पूर्वाह्न 9:30 को किया गया है। रोजगार मेला में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपुर्णा देवी बतौर मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा स्थानीय विधायक, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, ज़िप अध्यक्ष सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। विदित हो कि बीएसएफ कैंप मेरू झारखंड में बीएसएफ सहित अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस फोर्स को प्रशिक्षण देने का एक मात्र प्रशिक्षण संस्थान के रूप में जवानों को तैयार करता है।

## चेड़रा में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेड़रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा शनिवार को ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के कारण यहां के लोग काफी परेशान थे और वह अपने परेशानी से विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को अवगत कराया था। विधायक के प्रयास से ट्रांसफार्मर तीन दिनों के भीतर लग गया जिससे लोगों में हर्ष है। विधायक इस समय प्रवास में है इस कारण जनता के हितों को देखते हुए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन स्थानीय प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। मौके पर चेड़रा पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हीरामन महतो ने संयुक्त रूप से फिता काटकर तथा नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर ओमप्रकाश वैद्य, रामप्रसाद ठाकुर, सुरेंद्र साव, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## मार्खम कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग में विदाई समारोह संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्थानीय मार्खम कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग में विदाई समारोह हर्षोल्लास संपन्न हो गया। इस विदाई समारोह में स्नातक षष्ठम समसत्र व स्नातकोत्तर चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। इस विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ श्याम किशोर सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार, समेत शिक्षकों में प्रो गजेंद्र कुमार सिंह, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ एसएम कैसर, डॉ ब्रह्मदेव त्रिवेदी, डॉ गोपाल शरण पांडेय, डॉ लाडली कुमारी, प्रो अंतर गुप्ता, डॉ मिथिलेश, प्रो अनुभा तिर्की, डॉ रूपम कुमारी समेत विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे। विदाई समारोह में जहां एक और विद्यार्थियों ने विभागाध्यक्ष पर आस्था जताई, वहीं विभागाध्यक्ष ने कहा की वे सदैव विद्यार्थी हित में तत्पर रहे हैं तथा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रो इंचार्ज डॉ श्याम किशोर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विभागाध्यक्ष ने गुरु-शिष्य के स्नेह पर हमेशा समन्वय स्थापित किया है। समारोह में स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान की टॉपर दीक्षा गुप्ता व रौशन कुमार को सम्मानित भी किया गया। समारोह में मंच संचालन छात्रा अफरोजी प्रवीन और प्रेरणा कुमारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विभाग की शिक्षिका डॉ लाडली कुमारी ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में मुख्य रूप से अनमोल कुमार सिंह, शगुफ्ता परवीन, आशीष कुमार सिंह, आलोक कुमार, नगीना मेहता, सुजाता कुमारी, राजन कुमार, धीरज कुमार, विक्रम कुमार, पूजा कुमारी, प्रीति कुमारी समेत राजनीति विज्ञान विभाग के कर्मी धीरज कुमार व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## पूर्व आइजी दीपक वर्मा ने अपने परिवार संग सूर्यकुंड धाम में की पूजा अर्चना

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सूर्यकुंड धाम में शनिवार को पुर्व आइजी दीपक वर्मा सपरिवार के संग पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि की कामना किये। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, विजय पांडेय, सुरेश कुमार पांडेय, रिंकू माली, पंकज पांडेय, शेषनाथ सिंह, त्रिपुरारी पांडेय, सुधीर पांडेय, लखन पांडेय, बिरजू नायक, आशिष पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थें।

# भारत की सूझबूझ

साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में आखिर इसके विस्तार का फैसला हो गया। फैसले के मुताबिक पांच देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के इस संगठन में अगले साल 1 जनवरी को छह नये सदस्य- अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, इथियोपिया, सऊदी अरब और यूएइ - जुड़ जायेंगे। वैसे ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा काफी पहले से हो रही है। 2009 में इस संगठन के अस्तित्व में आने के एक साल बाद यानी 2010 में ही इसमें साउथ अफ्रीका को जोड़ लिया गया। उसके बाद से ही नये सदस्यों की एंट्री पर जब-तब चर्चा होती रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से यह मुद्दा काफी जोर पकड़ चुका था, जिसकी दो बड़ी वजहें रहीं। एक तो यह कि ग्रुप से जुड़ने की चाहत रखने वाले देशों की संख्या बढ़ती चली गयी। 22 देश इस मंच का हिस्सा बनने के लिए बाकायदा आवेदन कर चुके हैं। 40 से ज्यादा देश इसकी इच्छा जता चुके हैं। दूसरी वजह यह रही कि बदले वैश्विक हालात के मद्देनजर चीन इस पर बहुत जोर दे रहा था। इसे देखते हुए यह आशंका जतायी जा रही थी कि शायद भारत इस मसले पर ज्यादा पॉजिटिव रुख न दिखाये। चीन के सरकार नियंत्रित मीडिया ने कुछ दिन पहले पश्चिमी देशों पर आरोप भी लगा दिया कि वे नहीं चाहते विस्तार के बाद ब्रिक्स एक मजबूत संगठन बनकर उभरे, इसलिए भारत और चीन में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल, इन अटकलबाजियों से अलग भारत पहले ही साफ कर चुका था कि वह ब्रिक्स के विस्तार के खिलाफ नहीं है। अन्य मुद्दों की तरह इस मामले में भी उसका रुख किसी खास देश या लॉबी के आग्रह या शंका आशंका से नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित हो रहा था। ध्यान रहे, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस एजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। हालांकि इसके बावजूद इस फैसले में निहित चुनौतियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। एक तरफ यह आशंका है कि इन नये सदस्यों में से कई देशों के साथ अपनी करीबी की बदौलत चीन इस मंच पर अपना दबदबा बढ़ाने का प्रयास कर सकता है, तो दूसरी तरफ कुछ हलकों में यह संदेह भी है कि चीन, रूस और ईरान जैसे देशों के प्रभाव में इसे पश्चिमी देशों के खिलाफ एक मंच के रूप में इस्तेमाल न किया जाने लगे। इन आशंकाओं और संदेहों के बीच सभी देशों के हितों में सामंजस्य स्थापित करते हुए बेहतर विश्व सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए इस मंच को निश्चित रूप से ज्यादा परिपक्व और दूरदर्शितापूर्ण नजरिया अपनाना होगा।

**भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस एजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सन 1920 में वहां की महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला था और उससे पहले और बाद के अनेक दशकों तक वहां महिलाओं को दूसरे दर्जे का नागरिक समझा जाता था। जब हम आजादी की पहली लड़ाई लड़ रहे थे, तब वहां पुरुषों की सोच बदलने और स्त्रियों को मानसिक दासता से मुक्ति दिलाने का आंदोलन चल रहा था। हमारे यहां रानी लक्ष्मी बाई और अन्य वीरांगनाएं स्वतंत्रता संग्राम का परचम लहरा रही थीं और वहां महिलाएं अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं।**

# महिलाओं को समानता ही नहीं, मानवीय अधिकारों की भी जरूरत

पूरन चंद सरीन

अमेरिका को दुनिया का सबसे धनी, काबिलियत की परख रखने वाला और भेदभाव रहित आधुनिक समाज का प्रतीक माना जाता है। लगभग एक शताब्दी से पहले यहां भी वैसे ही हालात थे जैसे आज विकासशील और समय के साथ न चल पाने वाले तथा पिछड़ेपन का तमगा लगाए देशों के हैं।

**समानता या मानवता**

उल्लेखनीय है कि सन 1920 में वहां की महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला था और उससे पहले और बाद के अनेक दशकों तक वहां महिलाओं को दूसरे दर्जे का नागरिक समझा जाता था। जब हम आजादी की पहली लड़ाई लड़ रहे थे, तब वहां पुरुषों की सोच बदलने और स्त्रियों को मानसिक दासता से मुक्ति दिलाने का आंदोलन चल रहा था। हमारे यहां रानी लक्ष्मी बाई और अन्य वीरांगनाएं स्वतंत्रता संग्राम का परचम लहरा रही थीं और वहां महिलाएं अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। हमारी महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर अपना योगदान कर रही थीं और वहां अस्तित्व की लड़ाई चल रही थी। विडंबना यह है कि आज भारत सहित बहुत से देशों में औरतों को अपनी आइडैंटिटी अर्थात अहमियत को मनवाने के लिए निरंतर संघर्ष करना पड़ रहा है।

**महिला समानता दिवस हमारे देश सहित विश्व के अनेक विकसित और विकासशील देशों में मनाया जाता है।**

महिला समानता दिवस हमारे देश सहित विश्व के अनेक विकसित और विकासशील देशों में मनाया जाता है। हमारे लिए इसका अर्थ केवल इतना है कि इस विषय पर न केवल गंभीरता से विचार करने बल्कि सड़ी-गली परंपराओं और कुरीतियों से जकड़े समाज को अपनी सोच बदलने के लिए बाध्य करना है।

अपने देश की बात करें तो यहां एक ओर प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति तथा अन्य अनेक महत्वपूर्ण पदों पर महिलाएं आसीन रही हैं। हाल ही के चंद्र अभियान में भी एक महिला वैज्ञानिक ने अपनी क्षमता सिद्ध की है। इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में वे अपनी योग्यता का परिचय दे रही हैं। प्रश्न उठता है कि महिलाओं को यह क्यों करना पड़ता है कि वे अपने को बार-बार सिद्ध करें कि वे योग्य हैं? इसी के साथ उन्हें हमेशा क्यों इस मानसिक उलझन का सामना करना पड़ता है कि पुरुषों के समाज में उन्हें अगर अपनी जगह बनानी है, तो समाज और परिवार के सामने अग्निपरीक्षा देने के लिए तैयार रहना है?

असल में इन दोनों प्रश्नों का उत्तर यही है कि उन पर बंधनों के रूप में यह जिम्मेदारी जन्म लेते ही घुट्टी में मिलाकर पिला दी जाती है कि उनके चाल-चलन, व्यवहार, चरित्र और स्वतंत्रता से अपनी बात कहने पर पुरुष की पाबंदी रहेगी। यही कारण है कि अधिकांश महिलाओं को हर बात के लिए पुरुष से परमिशन चाहिए, यदि मिल जाए तो उत्तम और न मिले तो मन मसोस कर आत्मग्लानि के भंवर में झूलते रहिए।

**प्राकृतिक व्यवस्था**

प्रकृति ने पुरुष और महिला को दो अलग सांचों में ढाल कर अलग-अलग व्यक्तित्व दिये, इसका अर्थ यही था कि वे एक-दूसरे के पूरक तो हो सकते हैं, लेकिन निर्भर नहीं। विवाद तब ही होता है जब साथ देने को निर्भर होने का संकेत समझ लिया जाता है, जबकि प्रकृति की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था थी ही नहीं!



**शिक्षा के प्रचार-प्रसार और सुविधाओं के एक समान बंटवारे पर आधारित प्रणाली को लागू करने से ही इस उद्देश्य की प्राप्ति हो सकती है। इसलिए समानता से अधिक दोनों के लिए मानवीय अधिकारों का अपनाया जाना अधिक महत्वपूर्ण है। मतलब यह कि दोनों ही की मनुष्य के रूप में अपनी स्वतंत्र इकाई है।**

इस सोच या भ्रांति से मुक्त होने का एक ही उपाय है, दोनों को उनकी शारीरिक, मानसिक, वैचारिक और बौद्धिक क्षमता के अनुसार अपने निर्णय स्वयं लेने और परिणाम के लिए खुद को जिम्मेदार मानने की सोच को अपनाया जाये। शिक्षा के प्रचार-प्रसार और सुविधाओं के एक समान बंटवारे पर आधारित प्रणाली को लागू करने से ही इस उद्देश्य की प्राप्ति हो सकती है। इसलिए समानता से अधिक दोनों के लिए मानवीय अधिकारों का अपनाया जाना अधिक महत्वपूर्ण है। मतलब यह कि दोनों ही की मनुष्य के रूप में अपनी स्वतंत्र इकाई है। प्रमाण यह है कि शारीरिक रूप से पुरुष और महिला का भिन्न अस्तित्व होने से वे प्राकृतिक रूप से अलग-अलग हैं। वे सहयोग और सह-अस्तित्व के आधार पर तो एक साथ रह सकते हैं, साथ-साथ काम कर सकते हैं लेकिन एक-दूसरे पर दबाव डालकर अर्थात अपने अधीन करने और समझने की भावना और कोशिश से नहीं।

यही सच भी है और इसके न स्वीकार करने से ही अत्याचार, शोषण, हिंसा तथा अन्य मानवता विरोधी घटनाएं होती हैं। इसी कारण महिला के मन और शरीर पर काबू करने की पाशविक वृत्ति को बल मिलता है। यह क्योंकि प्रकृति विरोधी है, इसलिए इसके परिणाम भी भयानक होते हैं। प्रतिदिन इसके उदाहरण हमारे सामने आते हैं और अमानवीय घटनाएं होती रहती हैं। जरूरत बस इतना-सा समझने की है कि स्त्री और पुरुष का व्यक्तित्व अलग है, उनके अधिकार एक हैं। उनकी स्वतंत्र हैसियत है और वे अपने स्वभाव के अनुसार जीने के लिए स्वतंत्र हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

### घर तक पहुंचाया गया बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग सर्टिफिकेट, अभियान जारी रहेगा : आनंद बिहारी दुबे



**जमशेपुर (आजाद सिपाही)।** जेम्को कांग्रेस मंडल कमिटी के तत्वावधान में विगत माह सर्वजन पेंशन योजना का कैंप बजरंगी बस्ती,आजाद बस्ती में जिला कांग्रेस के निदेर्शानुसार लगाया गया था। जिसमें बस्ती के बुजुर्ग, विधवा एवं दिव्यांग लोगों का फॉर्म भरा गया। शनिवार को सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष ने बुजुर्गों के घर-घर जाकर सर्वजन पेंशन योजना का सर्टिफिकेट प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही मंडल कांग्रेस कमेटी व प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने आश्वासन दिया समस्याओं का निराकरण पार्टी समय-समय पर करते रहेगी। निश्चित तौर पर झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार एक अच्छी पहल की। जिसके परिणाम स्वरूप हर घर में वरिष्ठ नागरिक वृद्धाजनों का मान सम्मान और बढ़ेगा। अपने जीवन के अच्छे दिनों को महसूस कर पाएंगे, यह खुशी का क्षण है।

### अंतिम सोमवारी को होगा भजन संध्या कार्यक्रम



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** 28 अगस्त अंतिम सोमवारी को होने वाले भजन संध्या कार्यक्रम के लिए आज हर हर महादेव सेवा संघ की ओर से उपयुक्त मंजूनाथ भजयंत्री, वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार और यातायात डीएसपी अनिमेश कुमार गुप्त से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया और उन्हें कार्यक्रम के भाव व कैसे प्रारंभ हुआ बताया। संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने उपायुक्त को बताया की विश्व कल्याण, आपसी भाईचारा, सौहार्द और सुख शांति की कामना के लिये यह आयोजन में सभी वर्ग, धर्म के लोग पूरी सहभागिता से इस सफल बनाते है। साथ ही उनसे यातायात और अन्य व्यवस्था के संबंध में अनुरोध भी किया उपायुक्त भजयंत्री के जिले में पदस्थापन के बाद पहली बार मिलने गये संघ के पदाधिकारी ने उनका शाल ओढ़ा कर और पुष्प कुछ प्रदान कर उनका अभिनंदन किया ।

## मानगो नगर निगम क्षेत्र में बड़ी इमारतों की जांच की मांग को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**गोल मटोल सूचना देकर कार्यपालक पदाधिकारी ने अपना पल्ला झाड़ लिया।**

आजाद सिपाही सवांददाता



**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम क्षेत्र में बन रही लंबी इमारत पर कार्रवाइ की मांग को लेकर विरोध में भाजपा नेता विकास सिंह ने नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। शनिवार को प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता ने मानगो नगर निगम कार्यालय के समक्ष समर्थकों के साथ मंत्री से डरना बंद करो, संविधान की धज्जियां उड़ाना बंद करो का जमकर नारा लगाया। इससे पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह ने कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव को रिवाइटल की गोली देते हुए विगत छः महीना से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव को आगे करके एन एच 33 आनंद विहार कॉलोनी के मुहाने में करोड़ों रुपए की लागत से छः मंजिला कार्यालय का निर्माण आदिवासी जमीन में करवाने का विरोध दर्ज कराया। सिंह ने बताया सैकड़ो बार नगर निगम के कार्यालय के ईमेल व कार्यपालक पदाधिकारी और सिटी मैनेजर के व्हाट्सएप के साथ-साथ दूरभाष व लिखित शिकायतें दी गयी। लेकिन कोई कार्रवाइ नही हुई। उन्होंने कहा सूचना अधिकार अधिनियम 2005 नियम के अनुसार कार्य कैसे चल रहा है। किस परमिट से बन रहा है इसकी सूचना मांगी गई थी। गोल मटोल सूचना देकर कार्यपालक पदाधिकारी ने अपना पल्ला झाड़ लिया। विकास सिंह ने कहा भारत का संविधान कानून सभी भारतवासी के लिए समान है। चाहे दैनिक मजदूरी करने वाला हो या देश का सबसे धनी व्यक्ति। लगातार छः महीने से शिकायत करने के बाद भी सुरेश यादव के द्वारा कोई कार्रवाइ नही की गयी। करोड़ों की लागत से बहु मंजिला इमारत के कार्य को बंद नहीं कराया गया। बार-बार शिकायत के बाद भी वें हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। उन्हें हिम्मत और मजबूती देने के लिए रिवाइटल की गोली दिया गया। ताकि कानून और संविधान की रक्षा कर सके। इस दौरान उन्होंने मांग पत्र सौप कर कहा भारत का संविधान या कानून का कोई भी बाहुबली धज्जी उड़ायेगा वह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मंत्री हो या संत्री कानून सबके लिए बराबर। वही नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव ने बताया पहली बार ज्ञापन के माध्यम से उन्हें जानकारी दी गई है। यादव ने कहा सिर्फ मंत्री के नाम पर चिल्लाने से या व्हाट्सएप पर लिखने से नही होगा। आज पहली बार लिखित शिकायत मिली है। उन्होंने कहा सिर्फ मंत्री बन्ना गुप्ता का नाम लिया जा रहा है जिस व्यक्ति विशेष द्वारा बनाया जा रहा है उसका नाम भी ज्ञापन में नहीं लिखा गया। हालांकि इस मामले में जांच के बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। मौके पर विकास सिंह, विजय सिंह, विजय ओझा, राम सिंह कुशवाहा, मनोज ओझा, अजय लोहार, जीतू गुप्ता, सुजीत कुमार, मनोज रॉय, नन्हे खान, तौसीफ खान, नीरज साव, मनोज शर्मा, राकेश मंडल, धर्मेंद्र पांडे शामिल रहे।

### पॉक्सो एक्ट व बच्चों के मामले मे संजीदगी दिखायें, ताकि देश का भविष्य संरक्षित हो सके : न्यायाधीश





**जमशेदपर (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के द्वारा न्याय सदन मे पॉक्सो एक्ट विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित सेमिनार मे बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला व सत्र न्यायधीश माननीय अनिल कुमार मिश्रा व विशिष्ट अतिथियों मे स्पेशल पॉस्को सेशन जज-1 माननीय संजय उपाध्याय व फैमिली कोर्ट जज -1 माननीय कमलजीत चोपड़ा, न्यायिक दंडाधिकारी माननीय मयंक मलियाज के अलावा लोक अभियोजक राजीव कुमार व एपीपी सुधीर टोप्पो मुख्य रूप से मौजूद रहे। सेमिनार में न्यायधीश महोदय ने पॉक्सो एक्ट कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अनुसंधानकर्ता को किन किन बातों पर विशेष ध्यान देना है उसपर गहन चर्चा की गयी। साथ ही बताया गया एफआईआर दर्ज होने के बाद पीड़िता का 164 का ब्यान न्यायालय में कराकर मेडिकल जांच के लिए चिकित्सक एवं जरूरत पड़ने पर उसे परीक्षण के लिए लैब में भेजकर सच्चाई का पता लगाना अनुसंधान कर्ता का अहम दायित्व है। वहीं जिला जज श्री अनिल कुमार मिश्रा ने सेमिनार में सभी से आह्वान करते हुए कहा पॉक्सो एक्ट व बच्चों के मामले मे संजीदगी दिखायें। ताकि देश का भविष्य संरक्षित हो सके। सेमिनार के अंत में सवाल जवाब का एक रोचक सेशन भी लिया गया। जिसमें उपस्थित सभी लोगो की सार्थक भागीदारी रही। इस अवसर पर जिले के कई थानों के पुलिस पदाधिकारी, एमजीएम व सदर अस्पताल के चिकित्सक, डालसा के सभी एलएडीसी मेंबर शामिल रहे।

### भारत में शीर्ष रैंक वाले बिजनेस स्कूल आइबीएस ने प्रवेश के लिए आइबीएसटी 2023 किट किया लांच



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारत में शीर्ष रैंक वाले बिजनेस स्कूल आईबीएस ने प्रवेश के लिए आईबीएसटी 2023 किट का लॉन्च किया। शनिवार को शहर के एक होटल में एमबीए पीजीपीएम (2034-2026) कार्यक्रम के तहत जानकारी दी गई। मौके पर प्रोफेसर सुभानन डे आईबीएस कोलकाता व प्रोफेसर शरबरी साहा आईबीएस कोलकाता ने औपचारिक रूप से किट जारी की। जिसमें सभी आईबीएस परिसरों के बारे में विस्तृत सामान्य व प्रवेश संबंधी जानकारी शामिल है। प्रो. सुभानन डे व प्रो. शरबरी साहा ने सभा को संबोधित करते हुए भावी छात्र,अभिभावक, कोचिंग सेंटरों के प्रमुख सहित अन्य प्रसिद्ध संस्थानों के संकाय, आईबीएस के छात्र व सदस्य को जानकारी दी। उन्होंने भारतीय प्रबंधन शिक्षा प्रणाली के बारे में विचार साझा किए। आईबीएस में पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर सेंट्रल ईस्ट के एरिया मैनेजर आशुतोष त्रिपाठी ने कहा एमबीए पीजीपीएम कार्यक्रम 100 प्रतिशत केस-आधारित शिक्षा है। अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, व्यावहारिक कौशल प्राप्त करने पर जोर, मजबूत उद्योग इंटरफेस स्थापित करने के साथ अद्वितीय है। जिसके परिणामस्वरूप सभी एमबीए/पीजीपीएम स्नातकों के लिए उत्कृष्ट अंतिम प्लेसमेंट प्राप्त होता है। उन्होंने कहा इस अवसर पर आईबीएसएटी 2023 के प्रवेश तौर-तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गयी। मौके पर आईबीएम इनफॉरमेशन जमशेदपुर के अमरेंद्र कुमार, आशुतोष त्रिपाठी, प्रोफेसर श्रावणी साहा, सुभनन्दन डे सहित अन्य शामिल रहे।

## व्यापारियों ने एसपी का अलग-अलग जगह किया अभिनंदन

**पुलिसिया कार्य का जमकर की सराहना**

आजाद सिपाही संवाददाता





**सरायकेला।** गम्हरिया के रहने वाले आम लोगों में पुलिस के खिलाफ काफी नाराजगी देखी जाती है। लेकिन कुछ ऐसे पुलिस अधिकारी होते हैं जिनकी कार्यशैली लोगों को अपना कायल बना देते हैं। लोग उनका सम्मान करने से खुद को रोक नहीं पाते। शनिवार को ऐसा ही एक नजारा सरायकेला जिले में देखने को मिला। जहां ज्वेलरी दुकानदार संघ के आह्वान पर संघ के सचिव पवन उर्फ पिंटू के नेतृत्व में एसपी डॉ विमल कुमार का भव्य नागरिक अभिनंद किया गया। दरअसल स्वर्ण कारोबारियों में बीते 6 अगस्त को गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक स्थित ईश्वरलाल ज्वेलर्स में हुए लूटकांड के उद्भेदन को लेकर हर्ष व्याप्त है। यही वजह है संघ के आह्वान पर एसपी का नागरिक अभिनंदन किया गया। शनिवार को सबसे पहले एसपी डॉ विमल कुमार का गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर नागरिक अभिनंद किया गया। इसमे व्यापारी संघ और अलग-अलग राजनीति दलों से जुड़े नेता व कार्यकर्ता भी शामिल रहे। सभी ने एसपी को पुष्प कुछ देकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। मौके पर ईश्वर लाल, सुनीता मिश्रा,रश्मि साहू, पप्पू केडिया, सुंदर मिश्रा, बंटी तुलस्यान, बृजेश पति तिवारी, निखिल सरकार, सुमित अग्रवाल, रतन बर्मन, शंकर बर्मन व अन्य मौजूद रहे। उसके बाद एसपी को राजस्थान भवन स्थित मुख्य कार्यक्रम में ले जाया गया। जहां संघ की ओर से एसपी का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश सिंह व अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। एसपी ने दुकानदारों को निडर होकर व्यवसाय करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा आम लोगों का सहयोग यदि इसी तरह मिलता रहा तो बेहतर पुलिसिंग देखने को मिलेगा। लोगों से उन्होंने निडर होकर थाना आकर अपनी बातें रखने की बात कही। उन्होंने कहा इंसाफ में कभी कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। उधर लंबे समय के बाद आदित्यपुर में किसी एसपी को इस तरह से सम्मानित होने पर लोगो ने जमकर सराहना की। उन्होंने बताया इससे पूर्व ऐसा नजारा तत्कालीन एसपी इंद्रजीत महथा के प्रति देखने को मिला था।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीआरपीएफ में अंतर बटालियन वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू, 29 अगस्त को होगा फाइनल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज पलामू केरिपुबल के दिशा निर्देशानुसार 172 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह सीआरपी एफ ने अंतर बटालियन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बटालियन के प्रांगण में किया। इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पलामू रेंज परिचालन के अंतर्गत आने वाले बटालियनों में 11 बटालियन, 112 बटालियन 134, 172, 214 की कुल पांच टीमों ने भाग लिया। जिसका फाइनल मैच 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस व राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के दौरान नृपेंद्र कुमार सिंह कमांडेड 172 बटालियन ने सभी टीमों के खिलाड़ियों का गर्मजोशी से हार्दिक अभिनंदन किया एवं मेजर ध्यानचंद की महानता के बारे में बताया। साथ ही कहा कि अत्यंत प्रतिभावान खिलाड़ी ध्यानचंद थे। जिन्होंने भारत की हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों में वर्ष 1928, 1932 एवं 1936 में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई। खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और एक स्वस्थ व्यक्ति ही खेल में अपनी प्रतिभा का उच्च प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च आयाम स्थापित कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, उप कमांडेंट यूआर रामेश्वरम, डॉ आस्था कोहली, एसएमओ शेकी चंडोक, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

### भाजपा किसान मोर्चा ने संपूर्ण जिला को अकाल ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाने की मांग की



**कांडी (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा ने जिला कृषि पदाधिकारी गढ़वा को त्राहिमाम संदेश देकर संपूर्ण जिला को अकाल ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाए जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष रामलला दुबे ने 12 सूत्री मांग पत्र सौंप पर किसानों के हित में अकाल राहत कार्य चलाए जाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि पूरे गढ़वा जिला को अकाल ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर किसानों को प्रति एकड़ 10000 बतौर मुआवजा भुगतान करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को तत्काल चालू कराने, पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड के रूप में किसानों को पांच लाख रुपये उपलब्ध कराने, पुराने ऋण की वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, वैकल्पिक फसल योजना बनाकर श्रीअन्न - मोटे अनाज का बीज किसानों को 100 फीसदी अनुदान पर उपलब्ध कराने, मवेशियों के लिए पर्याप्त मात्रा में पशु चारा की व्यवस्था करने, दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर 10 रु. प्रोत्साहन राशि के रूप में देने सहित विभिन्न मांगों पर तत्काल प्रभाव से सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उन्हें पूरी करने की गुहार लगाई है। अन्यथा भुखमरी के शिकार किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी विभाग एवं सरकार की होगी।

### रंका वन क्षेत्र से अवैध लकड़ी काट कर बेचने के पांच आरोपी गिरफ्तार



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका वन क्षेत्र से अवैध लकड़ी काट कर पिकप में लोड कर बेचने के आरोप में रंका थाना के प्राथमिकी अभियुक्त वाहन मालिक सह चालक फिरोज अंसारी (32) पिता अतहर अंसारी, महसीर अंसारी (30) पिता मेमुदीन अंसारी, वलील अंसारी (43) पिता स्व. कुदुश अंसारी, सगीर अंसारी (30) पिता मुख्तार अंसारी, जुबेर अंसारी (36) पिता स्व. ऐनुल अंसारी सभी का ग्राम बांदू थाना रंका जिला गढ़वा को रंका पुलिस गिरफ्तार कर न्यायालय में गढ़वा उपस्थापन हेतु भेज दिया गया है। उक्त जानकारी रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने दी।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस :** 65 करोड़ की लागत से 15 सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण, 67 किलोमीटर सड़क बनेगी मजबूत

# मूलभूल सुविधाओं के अभाव से ग्रसित गढ़वा खींच रहा है विकास की लंबी लकीर : मंत्री

**ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने पांच पैकेज में 15 सड़कों के सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है**



### गढ़वा के चप्पे-चप्पे में बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि उक्त सड़कें लंबे समय से काफी जर्जर अवस्था में थी। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। क्षेत्र के लोग इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण की लंबे समय से मांग कर रहे थे। अब तक अधिसंख्य गांवों में आवश्यकतानुसार नये सड़क का निर्माण तथा जर्जर सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा चुका है। निकट भविष्य में शेष बचे अन्य सड़कों का भी निर्माण व सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा पूरी तरह से मूलभूत सुविधाओं से ग्रसित था, परंतु अब गढ़वा विकास की लंबी लकीर खींच रहा है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में 65 करोड़ रुपए की लागत से 15 सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। इसमें 67 किलोमीटर जर्जर सड़कों का कायाकल्प होगा। 15 सड़कों का सुदृढ़ीकरण पांच पैकेज में किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पैकेज एक में मेराल प्रखंड के भुईयां टोला चारमुहान पीएमजीएसवाई रोड से लगमा तसरार पीडब्लयूडी रोड तक पांच करोड़ 59 लाख नौ हजार 800 रुपए की लागत से 5.72 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। जबकि देवगाना पीएमजीसवाई रोड से जरही चारमुहान पीडब्लयूडी रोड भाया गेरूआडीह आदिवासी टोला तक चार करोड़ 79 लाख 47 हजार 400 रुपए की लागत से 4.8 किमी, गढ़वा प्रखंड के उड़सुगी मोड़ से उमराटिकर उरांव टोला होते हुए महुपी तक एक करोड़ 34 लाख 46 हजार 900 रुपए की लागत से 1.37 किमी, चेतना मोड़ से महुपी तक दो करोड़ 15 लाख 48 हजार 200 रुपए की लागत से 2.5 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। पैकेज दो में एनएच 343 ओबरा से छतरपुर कॉलेज तक सात करोड़ 86 लाख 71 हजार 600 रुपए की लागत से 8.15 किमी, पीडब्लयूडी पथ लापो से पीडब्लूडी पथ कमता भाया करचा तक छह करोड़ चार लाख 13 हजार 300 रुपए की लागत से 6.45 किमी, पैकेज तीन में गढ़वा परिहारा सिवाना से कितासोती खूर्द भाया करके बाजार टेनवा तक पांच करोड़ 50 लाख पांच हजार 200 रुपए की लागत से 5.6 किमी, ग्राम कुंडी नहर से तहले नदी ट्रांसफर्मर होते हुए महुराम तक 84 लाख 89 हजार रुपए की लागत से 1.25 किमी, एनएच 343 पचपड़वा से हंसकेर सीमा भाया पॉलिटेक्निक कॉलेज गढ़वा तक पांच करोड़ 68 लाख एक हजार 900 रुपए की लागत से 5.93 किमी, पैकेज चार में पिपरा नहर पीएमजीएसवाई रोड से राजमुनि चौधरी के घर होते हुए माहावीर चौधरी के घर तक तीन करोड़ 27 लाख 98 हजार 200 रुपए की लागत से 3.62 किमी, हुर पोखर टांड से रिंग रोड भाया पिपरा टांड़ तीनकोनवा नहर तक तीन करोड़ पांच लाख 98 हजार 600 रुपए की लागत से 3.2 किमी, हुर चारमुहान से दानरो पुल तक दो करोड़ 27 लाख 16 हजार 700 रुपए की लागत से 2.65 किमी, मझिआंव गढ़वा मेन रोड दलेली मंदिर से माहेताम सीमा होते हुए चेरीधाम बौराहा बीटी रोड तक चार करोड़ 44 लाख 28 हजार 100 रुपए की लागत से 4.51 किमी, पैकेज पांच में एल 055-एल 027 गढ़वा शाहपुर पीडब्लयूडी रोड से बरही टोला करूआ खूर्द तक सात करोड़ 60 लाख 56 हजार 300 रुपए की लागत से 7.78 किमी तथा पीडब्लयूडी रोड अरंगी से चिरौंजिया होते हुए सरस्वतिया नदी पुल तक तीन करोड़ 62 लाख 62 हजार 800 रुपए की लागत से 3.8 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा।

## अखिल झारखंड छात्र संघ बरडीहा प्रखंड कमेटी का गठन

**हम सबों को मिलकर गढ़वा जिला में एक मजबूत संगठन बनाना है : जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की प्रखंड स्तरीय बैठक मां सरस्वती कोचिंग सेंटर बरडीहा में जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसका संचालन जिला सचिव चंदेश्वर साहू ने किया। इस बैठक में जिला के बरिया उपाध्यक्ष योगेंद्र पासवान उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी ने कहा कि बरडीहा प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार हम सब मिलकर किए हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को तहे दिल से हार्दिक बधाई। आप सभी को कदम से कदम मिलाकर संगठन से जुड़कर अपना हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने के लिए आगे आने की जरूरत है। हम सबों को मिलकर गढ़वा जिला में एक मजबूत संगठन बनाना है।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र पासवान ने कहा कि हम सबों को मिलकर गढ़वा जिला में संगठन को पूर्ण रूप से विस्तार करना है।

बरडीहा प्रखंड के लिए प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर यादव, उपाध्यक्ष सुरभि कुमारी, प्रिंस कुमार, अमन विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष नेहा कुमारी, सतीश प्रजापति, किरण कुमारी, महासचिव कांति कुमारी, विष्णु विश्वकर्मा, संजीव कुमार ठाकुर, अजीत कुमार, सह सचिव सोनिया कुमारी, अजीत कुमार, सुनैना कुमारी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, मीडिया प्रभारी पूनम कुमारी, सोशल मीडिया प्रभारी विकास कुमार यादव, कार्यकारी सदस्य रिशु कुमार, हरिओम कुमार, उपेंद्र कुमार, राहुल कुमार, विकेश कुमार यादव, विकास कुमार, शीतल कुमारी, रंजना कुमारी को बनाया गया।

इस बैठक में मां सरस्वती कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर नीलांचल सर व सोनू कुमार भंडरिया प्रखंड के प्रभारी संजय कुमार उपस्थित थे।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का तीन दिवसीय प्रथम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुरू

**सोमवार को भव्य कलश यात्रा एवं मंगलवार को पूजन, हवन एवं भंडारा के साथ होगा समापन : अरविंद प्रताप देव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** कोचेया गांव स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का तीन दिवसीय प्रथम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर मंदिर कमेटी के द्वारा मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कार्यक्रम को लेकर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव ने बताया कि आज से अखंड कीर्तन के साथ मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ है। उन्होंने बताया कि 24 घंटे का अखंड कीर्तन के बाद सोमवार को भव्य कलश यात्रा एवं मंगलवार को पूजन, हवन एवं भंडारा के साथ समापन किया जाएगा। इस कार्य को लेकर उपाध्यक्ष कुंदन चौरसिया, कोषाध्यक्ष राजदेव गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, सचिव रविन्द्र प्रताप देव, रामसेवक मेहता, संरक्षक आलोक प्रताप देव, सोनू प्रताप देव, उमेश गुप्ता, बिजय चौरसिया, आनन्द प्रताप देव, किशोर विश्वकर्मा सहित कमेटी के लोग शामिल हैं।

### 19 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के पतिहारी, हुरहि, चितरी गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसको लेकर बिजली विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने शुक्रवार को 19 लोगों पर विशुनपुरा थाना में मामला दर्ज कराया है। जिसमें चितरी गांव निवासी शीला देवी, रामसुंदर यादव, पतिहारी गांव के शैलेन्द्र राम, मुख्तार अंसारी, नजमुद्दीन अंसारी, मंसूर अंसारी, जाकिर हुसैन, खुशबुन बीबी, मुबारक अंसारी, सैरुन बीबी, वहीं हुरही गांव के मदन गुप्ता, गोपाल साव सहित उनीस लोगों के नाम शामिल हैं। शुक्रवार को विद्युत विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम जब इन लोगों के घर पहुंची तो पाया कि एलटी लाइन में टोका फंसा कर एवं विद्युत मीटर से बाई पास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी कर उसका उपयोग कर रहे थे। सभी आरोपितों पर 6000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। विभाग की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा है। छापेमारी अभियान में सहायक विधुत अभियंता दीपक कुमार, अमल राय, सुभाष कुमार, नवनीत कुमार, सत्यप्रकाश मौर्या शामिल थे।

**कार्यक्रम :** जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में समारोह आयोजित कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

# पदाधिकारियों को कर्तव्य पालन और निष्ठा की दिलायी शपथ

**इस तरह के आयोजनों से बच्चों में कुशल नेतृत्व की भावना का विकास होता है : निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल के सभागार में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चारों हाउसों आजाद हाउस, बोस हाउस, शिवाजी हाउस एवं टैगोर हाउस के कप्तानों तथा उपकप्तानों के साथ-साथ स्कूल अनुशासन समिति कप्तान, खेल समिति कप्तान, कल्चरल एक्टिविटी इंचार्ज आदि को बैज पहनाकर अलंकरण किया गया एवं उन्हें कर्तव्य पालन एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। इस गौरवशाली पल को महिमामंडित करते हुए निदेशक महोदय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पक्षपात रहित गौरवशाली चलित एवं सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए गोपनीयता एवं कर्त्तव्यनिष्ठा के लिए शपथ दिलाई और अपने अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा के लिए प्रतिबद्धता के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों एवं क्रिया-कलापों के माध्यम से बच्चों में कुशल नेतृत्व की भावना का विकास होता है, जो भविष्य के लिए प्रेरक स्तम्भ होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आशावादी बनने और जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों से उबरते हुए चरित्र निर्माण पर ध्यान देने की सलाह दी। सफलता का कोई शॉर्टकट माध्यम नहीं होता है। सीमित साधनों में बेहतर विकल्प की तलाश करें अनुशासन और कर्तव्य पथ पर निरंतर बढ़ते हुए लक्ष्य को प्राप्त करें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश कुमार भारती, संजीव कुमार, अजय कुमार, आलोक सिन्हा, नरेन्द्र सिन्हा, नीश शर्मा, सरिता दूबे, रिजवाना शाहिन, सुनिता कुमारी शिवानी कुमारी, निलम कुमारी, संतोष प्रसाद, संजीव कुमार, मुकेश भारती की भूमिका सराहनीय रही। स्कूल कैप्टेन दिव्या दीप सोनी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात सभा को समापन की घोषणा की गई।

स्कूल कप्तान सृष्टि आनन्द (कक्षा 12) कार्यकारी स्कूल कप्तान दिव्यादीप सोनी (10), उपकप्तान आदित्य प्रकाश और रिबिका कुमारी (9), आजाद हाऊस-कप्तान प्रिंस और सृष्टि(10), बोस हाउस- रौनक और आयुषी (10) शिवाजी हाऊस- शिवम एवं तनु प्रिया (10), टैगोर हाउस- सुमंत और प्रीति कुमारी (10)आदि ने निष्ठा निर्वहन के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

### उत्कृष्ट सेवा देनेवाले पुलिस पदाधिकारी और जवानों को प्रखंड प्रमुख ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी द्वारा शनिवार को मेराल थाना में एक सादे समारोह का आयोजन कर उत्कृष्ट सेवा देने वाले पुलिस पदाधिकारी एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को गार्ड ऑफ ऑनर देने वाले पुलिस जवानों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि देश के प्रति पुलिस बल की बड़ी सेवा है, इनकी बदौलत हम सभी अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। मैं इनके मनोबल को अपनी ओर से प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रही हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस डिपार्टमेंट की जो सेवा है उसके सामने इन्हें सम्मानित कर देना या कुछ भी दे देना हम सबके बस की बात नहीं है। उनकी सेवा के आगे हमारी सब चीज छोटी पड़ जाएगी। प्रमुख ने कहा कि पुलिस के जवान अपनी नींद हराम कर हम सभी को चैन की नींद सुलाते हैं। स्वतंत्रता दिवस को यही जवान राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर हम सभी का मान बढ़ाते हैं। उन्होंने थाना प्रभारी नीतीश कुमार की कार्य कुशलता की सराहना करते हुए कहा कि मेराल के नौजवान थाना प्रभारी एनर्जी के साथ मेराल थाना क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं जो सराहनीय है।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** थाना प्रभारी नीतीश कुमार, रिजर्व आर्म्ड गार्ड के हवलदार वीरेंद्र राम, आरक्षी राजू कुमार दुबे, अरविंद कुमार दुबे, विनोद किसान मुंशी, संजय कुमार पांडे एवं एएसआई संतोष कुमार शामिल थे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, प्रमुख पति ललन राम आदि मौजूद थे।

### जिला कांग्रेस ने खेल से जुड़े शैलेंद्र पाठक और आलोक मिश्रा को किया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष इ. ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में गढ़वा परिसदन में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी (अल्पसंख्यक विभाग) के अध्यक्ष मंजूर अंसारी व अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ओमैर खान व हाजी मुमताज अली साहेब के हाथों से शैलेंद्र पाठक को सम्मानित किया गया। शैलेंद्र पाठक ने स्कॉटलैंड में हुए साईकिलिंग वर्ल्ड कप में भारतीय साईकिलिंग दल का डेप्युटी चीफ डिमिसन गढ़वा जिला सहित देश का नाम रौशन किया है। साथ ही गढ़वा जिला में खेल और खिलाड़ियों को हमेशा बढ़ावा देने वाले आलोक मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, त्रिपुरारी सिंह, दिवाकर चौबे, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्रनाथ चौबे, केयमुद्दीन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### लिओ क्लब ऑफ ज्ञान गंगा गढ़वा की टीम ने ब्लड बैंक को रक्त उपलब्ध कराया




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लिओ क्लब ऑफ ज्ञान गंगा गढ़वा की टीम ने एक यूनिट रक्त एक जरूरतमंद के लिए ब्लड बैंक को उपलब्ध कराया। बता दें कि ग्राम जरगड़ के अखिलेश पासवान की पुत्री की स्वास्थ्य समस्या थी, जो सरस्वती चिकित्सालय में भर्ती है। उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टर की सलाह पर उन्हें एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की जरूरत थी। जब लिओ अनुप ठाकुर को यह जानकरी मिली, तो उन्होंने बिना समय गंवाये अपने छोटे भाई से संपर्क कर रक्तदान करवाया। रक्तदाता परमानंद ठाकुर ने बताया कि यह उनका पहला रक्तदान है और वे आगे भविष्य में प्रत्येक तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान करेंगे। ग्राम पंचायत वीरबंधा के मुखिया पति अजय ठाकुर ने समय-समय पर रक्तदान के महत्व को बताया। लिओ अनुप ठाकुर ने बताया कि आज के समय में रक्तदान से बड़ा दान कोई नहीं है, और युवा पीढ़ी भी गांवों से आकर इस दिशा में जागरूक हो रही है। मौके पर लिओ ज्ञान गंगा के अध्यक्ष तेजस्व अग्रवाल, अंकेश गुप्ता, लोकेश कश्यप, अनमोल अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल और दीपक ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में छात्राओं के बीच कबड्डी खेल आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय गढ़वा एवं एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को कबड्डी खेल का आयोजन कराया गया। टीम-ए और टीम-बी के बीच हुए मैच में टीम-ए ने जीत हासिल की। मौके पर महाविद्यालय के एनएसएस पदाधिकारी प्रो. अनिता तूफानी, प्राचार्या डॉ. संयुक्ता सिंह, डॉ. शीशम साहू, प्रो. एसएन रॉय, डॉ राजश्री अखौरी, डॉ महीपाल, डॉ कविता, प्रो. प्रीति सिंह, प्रो. रंजीत कुमार सोनी, रामाशंकर सिंह, प्रो. सुनील पाल, नीता सिंह, प्रो. नेलन तिर्की, प्रो. बिभा रानी, प्रो. ललिता देवी एवं महाविद्यालय की कबड्डी की विजेता घोषित हुई रानी कुमारी, मंजू कुमारी, पुनिमा कुमारी, शशिकला कुमारी, रिंकी कुमारी, सुमन कुमारी, प्रिया कुमारी, उपविजेता छात्रा प्रिया दुबे, पुष्पा कुमारी, चंदा कुमारी, पुनम कुमारी, जयमाला कुमारी, अनु बाखला, इमृति पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## 11 साल से फरार बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार, एक वारंटी भी पकड़ा गया



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के द्वारा विभिन्न कांडों में वांछित और फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के द्वारा पुलिस टीम के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के छेचा से पिछले 11 साल से बलात्कार की घटना के वांछित आरोपी इमामुद्दीन खान पिता इदरीश खान को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गयी। वहीं इसके साथ थाना क्षेत्र के छोटकी पोखरी निवासी शिवप्रसाद साव को भी स्थाई वारंटी के मामले में छापेमारी अभियान चलाकर गिरफ्तार करने की कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक दंडाधिकारी की समक्ष पेश करने की कार्रवाई की गयी। इस दौरान मौके पर सब इंस्पेक्टर राहुल मेहता और पुलिस के जवान भी मौजूद थे।

# समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने में सभी की भूमिका अहम : एसडीओ

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई, आगामी त्योहारों पर हुई चर्चा



**हांडी फोड़ प्रतियोगिताओं में सुरक्षा का ध्यान रखें :डीएसपी**

पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि सभी समुदाय के लोग आगामी त्यौहार पूरी सादगी व भाईचारे के साथ मनाएं। जहां भी भीड़-भाड़ की स्थिति रहेगी वहां यातायात नियंत्रण की व्यवस्था रहेगी। हांडी फोड़ प्रतियोगिताओं में सुरक्षा का ध्यान रखें। आपकी सुरक्षा के लिए सभी तत्पर रहें। किसी भी तरह की सूचना पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवश्य दें। सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र की आसूचना संग्रहित करें।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में श्रावण की अंतिम सोमवारी, रक्षाबंधन, चेहल्लुम, जन्माष्टमी समेत अन्य त्यौहारों के आयोजन और विधि-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आये शांति समिति के सदस्यों की ओर से अपने-अपने क्षेत्र में त्यौहारों के आयोजन की जानकारी दी गयी।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गत त्यौहारों में सभी समुदाय के लोगों ने विभिन्न पर्व-त्यौहारों में आपसी सौहार्द्र व भाईचारा का संदेश समाज को दिया है। आगामी त्यौहारों में भी इसे बनाये रखने की आवश्यकता है। समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने में शांति समिति के सदस्यों, दंडाधिकारियों, थाना प्रभारियों की अपनी-अपनी भूमिका होती है जिसे पूरी तन्मयता से निभाने की जरूरत है।

सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना में शांति समिति की बैठक कर लें। असमाजिक तत्वों पर नजर रखें। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को आगामी पर्व-त्यौहारों को देखते हुए सभी प्रखंड क्षेत्रों में अंचल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए मिठाई व खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया।

बैठक में सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंडों से विभिन्न सामाजिक संगठन व जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# रांची विवि के कुलपति पहुंचे बीएस कॉलेज, एनएसयूआइ ने सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**ज्ञापन में मुख्य रूप से छह मांगें रखी गयी**

1) छात्र संघ के चुनाव कराया जाये। 2) भूगोल विभाग में सीट बढ़ाया जाये। 3) उर्दू तथा कंप्यूटर में प्रोफेसर की नियुक्ति की जाये। 4) चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की नियुक्ति की जाये। 5) नयी शिक्षा नीति के तहत पुस्तकालय में पुस्तकों की व्यवस्था की जाये। 6) महाविद्यालय में पुरुषों की शौचालय की व्यवस्था की जाये।

**लोहरदगा।** रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति महोदय डॉ अजीत कुमार सिन्हा बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा कॉलेज पहुंचे। उन्होंने राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, महाविद्यालय प्राचार्य शिवकुमार प्रसाद गुप्ता तथा इग्नू विभाग के प्राचार्य शशि कुमार गुप्ता से मुलाकात किये तथा महाविद्यालय का जायजा लिया। इस मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने सैकड़ो विद्यार्थियों के साथ कुलपति से मुलाकात कर उन्हें छः सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए बीएस कॉलेज लोहरदगा के विभिन्न परिस्थितियों से अवगत कराया। बताया कि जिला का एकमात्र डिग्री कॉलेज होने के बावजूद विद्यार्थियों को नामांकन लेने के लिए भी नामांकन काउंटर कम होने की वजह से परेशानी होती है। साइकिल तथा मोटरसाइकिल स्टैंड की व्यवस्था नहीं होने की वजह से रखरखाव में बहुत दिक्कत होती है। महाविद्यालय की चार दिवारी नहीं होने के कारण से आये दिन मनचलों का अड्डा बना रहता है तथा लड़कियों के साथ छेड़छाड़ होते रहती है इसकी वजह से लड़कियां अपने आप को महाविद्यालय में भी असुरक्षित महसूस करती है। छात्र संगठन के चुनाव नहीं होने के कारण से छात्र लीडरशिप को आगे आने का मौका नहीं मिल रहा है। मांग पत्र को स्वीकार करते हुए कुलपति ने इन सभी कॉलेज की मूलभूत समस्या तथा सुविधाओं को पूर्ण करने की आश्वासन दिया है। मौके पर एनएसयूआई उपाध्यक्ष सरस्वती कच्छप, सैफ अहमद, महासचिव हरि भगत, मुनव्वर आलम, सह सचिव अतीश मुंजनी, सोशल मीडिया प्रभारी शुभम सहदेव, जिला पदाधिकारी विनीता कुमारी, कादिर हुसैन, तनवीर खान आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को भटकाव से रोकने को पुलिस की पहल: अभिषेक कुमार



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। अपराधियों को पकड़ने और अपराध रोकने के साथ अब लातेहार जिले के छिपादोहर पुलिस ने स्कूली बच्चों को पढ़ाने और ट्रैफिक जागरूकता अभियान के तहत बच्चो को जागरुक करने का काम शुरू किया है। बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनाना और उन्हें भटकाव से रोकना पुलिस के इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की निर्देश पर छिपादोहर के संत मरियम स्कूल व हाई स्कूल छिपादोहर में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की मौजूदगी में देखने को मिला है। इस दौरान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस का प्रयास है कि बच्चों के आचरण में सुधार हो और उनमें गलत चीजों को लेकर भटकाव न आए। पुलिस की मानें तो छोटे उम्र के बच्चों में नशे की तरफ झुकाव रहता है। ऐसे में उन्हें इससे रोकना पुलिस की भी जिम्मेवारी है। स्मार्ट फोन भी बच्चों के लिए खतरनाक है। एंड्रायड मोबाइल का इस्तेमाल सही कार्यों में करने की सलाह उन्हें दी। वहीं मौके पर सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, काशी महली और जवान मौजूद रहे।

# दीप्ति हॉस्पिटल का दावा: हमारे यहां कोई झोलाछाप नहीं, एमबीबीएस इलाज करते हैं

**महुआडांड़ इलाके में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है अस्पताल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लातेहार के महुआडांड़ स्थित दीप्ति हॉस्पिटल ने कहा है कि उसके यहां कोई झोलाछाप डॉक्टर इलाज नहीं करता है, बल्कि डॉ कीर्तिवर्द्धन मणि मिश्रा नामक एक एमबीबीएस डॉक्टर चौबीसों घंटे तैनात रहते हैं। वह झारखंड मेडिकल काउंसिल में निबंधित हैं। अस्पताल प्रबंधन की ओर से निकेत कुमार दुबे ने खबर पर सफाई देते हुए कहा है कि यह अस्पताल क्लीनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट के प्रावधानों के तहत स्थापित किया गया है। चूंकि इस अस्पताल को प्रावधानों के तहत प्रैक्टिस की अनुमति दी गयी है, इसलिए कुछ लोगों द्वारा तरह-तरह के निराधार आरोप लगा कर छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि अस्पताल में कभी कोई छापा नहीं पड़ा। इसलिए निकेत कुमार दुबे के भागने का सवाल ही पैदा नहीं होता। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि उसने महुआडांड़ प्रखंड प्रशासन को जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का भरोसा दिलाया है और प्रखंड के अधिकारी इससे अवगत भी हैं। कोरोना महामारी के दौरान अस्पताल में छह बेड सुरक्षित भी रखे गये थे।

अस्पताल ने सुदूरवर्ती इलाकों में हेल्थ कैंप और दूसरे कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

## महिला की कुल्हाड़ी से गर्दन काट कर हत्या करने वाला गिरफ्तार, शराब के नशे में की थी हत्या



महुआडांड़(आजाद सिपाही)। नेतरहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रचांग बटूवाटोली गांव में गुरुवार की रात रनकी देवी उम्र 45 वर्ष की महिला की धारदार हथियार (टांगी) से गर्दन काटकर हत्या करने वाले आरोपी को नेतरहाट थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम दिलेश्वर किसान पिता चकती किसान उम्र 50 वर्ष ग्राम कोरगी बटुवाटोली नेतरहाट का रहने वाला है। इस संबंध में नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत ने बताया कि हत्या के आरोपी दिलेश्वर किसान ने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है। वो शराब के नशे में सो रहे रनकी देवी की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी।

## शिव के सानिध्य के लिए शिव चर्चा है मुख्य मार्ग : अरुण



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ पुलिस अनुमंडल के अंतर्गत डाढ़ा पंचायत के गोखुलाबागी में शिव शिष्य परिवार ने शनिवार को विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में अरुण विश्वास का शुभ आगमन हुआ। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिव के सभी शिष्य और शिष्याएं अपने आप में शिव गुरु हैं। इस सारे जगत में सृष्टि से आज तक इस संसार में भगवान शिव से बड़ा गुरु कोई नहीं है और ना ही होगा। उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि किसी प्रकार की राजनीति, धर्म, जाति का भेदभाव, संप्रदाय नहीं रखते हमसब आपस में केवल भाई-बहन हैं। उन्होंने कहा कि तीन सूत्र को आप सभी शिष्यों को 24 घंटे में एक बार आवश्यक रूप से करना है जो हमारे शिष्य हैं वह तो करते ही हैं। नये शिष्य जो जुड़े हैं उनको भी करना होगा। इस अवसर पर गुरु भाई बहनों के साथ साथ कोमर, बालूमाथ, बड़का बालूमाथ, अमरवाडीह, बहेरा, खलारी, बरियातू, लोदमदाग, झाबर, इचाक, मासियातु, सेरका आदि अनेकानेक स्थानों के गुरु भाई बहन उपस्थित होकर गुरु की चर्चा और भजन के माध्यम से लोगों के दिलों में शिव के प्रति प्रेम अंकुरित करने का प्रयास किया गया।

# लोहरदगा मंडल कारा में एसडीओ-डीएसपी ने की छापामारी, कुछ आपत्तिजनक नहीं मिला

**चप्पे चप्पे पर हुई छापेमारी, नहीं मिली कोई आपत्तिजनक सामान: एसडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्थानीय मंडल कारा में एहतियात और सतर्कता को लेकर शुक्रवार मध्य रात्रि सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल व पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद की अगुवाई में पांच दंडाधिकारी, पांच थाना प्रभारी समेत 50 जवानों की टीम ने मंडल कारा परिसर के चप्पे चप्पे की तलाशी लिया। छापामारी अभियान घटों चलने के बावजूद मंडलकारा परिसर से किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं नहीं हुआ। दरअसल, राज्य में बढ़ते आपराधिक घटनाओं को लेकर यह कार्रवाई सतर्कता को लेकर किया गया। छापेमारी में कई आपत्तिजनक सामान बरामद होने की चर्चा रही पर अधिकारियों ने इसे सिरे से खारिज किया है। छापा अचानक मारा गया था। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी डीजीपी को फटकार लगायी थी और कहा कि जब आपको खुली छूट दे रखी है तो फिर आपराधिक घटनाएं कैसे बढ़ रही है। इधर दो दिन पहले हाईकोर्ट ने भी डीजीपी से सवाल किया कि, आखिर आपराधिक घटनाएं राज्य में रुक क्यों नहीं रही है। ऐसे में पुलिस प्रशासन पर दबाव पढ़ना स्वाभाविक है। राज्य के विभिन्न जेल में बंद कथित दुर्दांत अपराधी बाहर में संगीन आपराधिक वारदातों को अंजाम दिलाने में सक्रिय रहे हैं।

## भाकपा माले ने कॉमरेड ननदेव सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड अंतर्गत ग्राम जलिमा स्थित भाकपा माले के जिला कमिटी सदस्य रहे कॉमरेड ननदेव सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। सर्वप्रथम ननदेव सिंह के तस्वीर पर उनके पिता जी और भाकपा माले के जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम, दुर्गा सिंह, धनेश्वर सिंह, गोपाल प्रसाद, मनिका सचिव मुनेश्वर सिंह, आइसा जिला सचिव नागेंद्र राम ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने कहा कि ननदेव सिंह एक संघर्षशील पार्टी समर्पित साथी थे। वे पार्टी के जिला कमिटी के सदस्य थे। लेकिन एक थोड़ी सी जमीन की लड़ाई ने हमलोग से सदा के लिए दूर कर दिया। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नही जायेगा क्योंकि ननदेव सिंह जल, जंगल, जमीन की लड़ाई में मुखर होकर लड़ते थे। ज्ञात हो कि 13 अगस्त को मामूली सी जमीन विवाद में कुछ मनचले लोगो ने हत्या कर दी थी। बाद में पार्टी के दवाब के कारण मनिका पुलिस ने हत्या में संलिप्त कुछ लोगो को गिरफ्तार किया। मौके पर आइसा छात्रसंगठन के नेता रंजीत कुमार सिंह, आर वाई ए नेता संजय सिंह, संतोष सिंह, घनश्याम राम, कमलेश सिंह, लुरूक सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तेजस्विनी परियोजना के तहत किया गया सर्टिफिकेट वितरण



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के सिंजो पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा तेजस्विनी परियोजना के तहत उद्योगिनी संस्था के माध्यम से जिले के 27 वैसी लड़कियां जो पढ़ाई लिखाई छोड़कर घर बैठी थी। जिसे हुनरमंद बनाने एवं व्यापार के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से दूध उत्पादन का 45 दिवसीय प्रशिक्षण समापन के उपरांत सर्टिफिकेट वितरण किया गया। मौके पर डीपीएम उद्योगिनी धर्मेश कुमार, परवेज आलम,ट्रेनर गायत्री देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने किया इलाज, लाभान्वित हुए 233 मरीज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विकास भारती बिशुनपुर एवं भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वाधान में कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा वित्तपोषित कल्याण विभाग झारखंड सरकार में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल सुपर स्पेशलिटी रांची के जनरल फिजिशियन डॉक्टर के सी लाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंदिया अनुराधा और कल्याण अस्पताल बसारडीह लोहरदगा के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत कुमार अग्रवाल, जनरल फिजिशियन डॉ बी मांझी, डॉ चंदन कुमार और दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आस्था सिन्हा के द्वारा सुदूर गांव के ग्रामीण मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। हृदय रोग से पीड़ित 10 मरीज का ईसीजी जांच किया गया। इस जांच शिविर में हृदय रोग के 18, नस रोग के 41, नेत्र रोग के 70,शिशु रोग के 33, दंत रोग के 12 सामान्य रोग के 65 कुल 233 मरीज का निशुल्क इलाज किया गया। उक्त शिविर को सफल बनाने में कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, लिसनिंग मैनेजर राजीव रंजन सिंह, विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, देवेंद्र मंडल, भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची के दीपक कुमार, कल्याण अस्पताल के अरुण राम, मुकेश साहू, फार्मासिस्ट वरुण सिंह, कंचन कुमारी, लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, ललिता देवी, शनिचरिया उरांव, धर्मेंद्र भगत, सुरेंद्र लोहरा, सुगमबर भगत, दिलेश लोहरा आदि प्रमुख थे।

## जेइ लालधारी साय का जियो टैग के एवज में लाभुक से घूस मांगने का ऑडियो वायरल

महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पंचायत गढ़बुढनी पंचायत के 15वें वित के जेई लालधारी साय के द्वारा 15वें वित कार्य में जियो टैग के एवज में लाभुक से फोन पर घूस मांगने का एक ऑडियो सोशल साइट्स पर वायरल हो गया है। वायरल ऑडियो में जेई लालधारी साय लाभुक लुरगुमी खुर्द के रहने वाले सौदागर अंसारी से बात कर रहे है और अपने गारू में होने की बात कह रहे है, साथ ही उनके द्वारा गढ़बुढनी पंचायत अंतर्गत बरौधी गांव में बुधन लोहरा के खेत में गार्डवाल निर्माण का जियो टैग करने के लिए दो हजार की मांग की जा रही थी बाद में लाभुक सौदागर अंसारी के निवेदन करने पर मामला 1500 रुपया में सेट होता है और जेई लालधारी साय लाभुक सौदागर अंसारी को जीओ टैग के लिए गारू आने के लिए कहते हुए सुनाई पड़ता है। वही मामले की पुष्टि के लिए जब जेई लालधारी साय को फोन लगाया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था जिससे उनका पक्ष नही लिया जा सका। वहीं इस संबंध में एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने कहा कि मामले की जांच कराकर उचित कारवाई की जायेगी।

## विद्यार्थी अपने सपने चंद्रयान मिशन की तरह ऊंचा रखें : डॉ एम के जोस



महुआडाड़ (आजाद सिपाही)। संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडाड़ में शनिवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ हुआ। इस अवसर पर नये विद्यार्थियों का स्वागत फूल और तिलक लगाकर किया गया। सीनियर विद्यार्थियों ने मनमोहक सुंदर गीत और नृत्य भी प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस ने सभी विद्यार्थियों का हृदय से स्वागत और अभिनंदन किया। ओरिएंटेशन में विद्यार्थियों को चार वर्षीय प्रोग्राम, कक्षाओं, टाइम - टेबल, शिक्षकों, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और महाविद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमो की जानकारी दी गयी।

# पीएम मोदी के 'मन की बात' से जुड़ेंगे कुडू मसियातु के ग्रामीण

**मसियातु ग्राम एक जनजाति (तुरी समाज) बहुलता वाला ग्राम है। म्सयातु ग्रामवासी बांस से कई वस्तुओं का निर्माण करते हैं। यहां गांव के लोग यह व्यवसाय बहुत लंबे समय से अपनाये हुए हैं। ग्रामीणों ने कहा, हमारे क्षेत्र के एक सुदूरवर्ती क्षेत्र से पूरा देश रूबरू होगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कुडु प्रखंड के सलगी पंचायत अंतर्गत मसियातु ग्रामवासी आज सुबह 11:00बजे को प्रधानमंत्री कार्यक्रम से सीधा जुड़ेंगे।

कार्यक्रम की तैयारी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में मसियातु ग्राम के लोगों से बातचीत और स्थान का चयन किया जा चुका है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, कार्यक्रम संयोजक लाल विकास नाथ शाहदेव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय चौधरी, पशुपति नाथ पारस, यदुनंदन तिवारी, सुभाष साहू, सुधांशु कुमार शामिल थे। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम से जिले से ऐसे लोगों का सीधा जुड़ाव बहुत ही ऐतिहासिक क्षण होने वाला है।

मसियातु ग्राम एक जनजाति (तुरी समाज) बहुलता वाला ग्राम है। मसियातु ग्रामवासी बांस से कई वस्तुओं का निर्माण करते हैं। यहां गांव के लोग यह व्यवसाय बहुत लंबे समय से अपनाए हुए हैं। उनके उत्थान के लिए और उनकी आर्थिक मजबूती को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से उनके कला को प्रोत्साहित और स्वदेशी भाव, आत्मनिर्भरता, बाजारों में वस्तुओं की महत्ता और ग्रामवासीयों के आत्मबल को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम से सीधा संवाद जोड़ने का और पूरे देश के समक्ष उनके कौशल को प्रस्तुत करेंगे।

पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि आज केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में रह रहे ग्रामीण जो अपनी संस्कृति को बचाते हुए परंपरावादी हुनर को बरकरार रखे हुए हैं जिसे वह सारी दुनिया के सामने लायेंगे इससे इन्हें बाजार मिलेगा और उनकी प्रतिभा मैं निखार आयेगी इनके बनाए हुए सामानों को लोग घरेलू आवश्यकताओं के रूप में देखेंगे इससे इन्हें बड़ा बाजार मिलेगा मोदी जी का सोच है सभी स्थानों को एक समान भाव से समन्वय और सर्वांगीण विकास हो तभी देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## चेहल्लुम मेला को लेकर अंजुमन इस्लामिया की बैठक



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। चहलुम मेला आयोजन को लेकर भड़गांव बाजार मैदान में अंजुमन इस्लामिया के तत्वधान में जनाब अजहर अंसारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कमिटी का चयन किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम स्थित सप्ताहिक बाजार मैदान में चहलुम मेला आयोजन को लेकर अंजुमन इस्लामिया भड़गांव, कल्हेपाट और अरू का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक जनाब जहूर अंसारी के सदारत में आयोजित किया गया। जिसमें पुराने कमिटी को भंग करते हुए नया कमिटी का चयन किया गया।

## सेन्हा दुर्गा मंदिर में भंडारे का आयोजन



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दुर्गा मंदिर परिसर सेन्हा में अमरनाथ यात्रियों के सौजन्य से भव्य भण्डारा का आयोजन किया गया। सेन्हा के 9 सदस्यों ने काश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा में विराजे बाबा बफार्नी का दर्शन करने के लिये किनेश साहू राजू साहू जयप्रकाश साहू राजकुमार साहू रमेश महतो रविंद्र सुक्ला विकाश साहू निर्मल पंडित, जितेंद्र साहू 8 जुलाई को गये हुए थे। जो दर्शन कर सकुशल लौटे। सभी मिलकर अमरनाथ में ट्रस्ट द्वारा भंडारा का आयोजन को देखकर प्रेरणा लिया की पवित्र माह में भव्य भंडारा का आयोजन करना है। जिसको 26 अगस्त को किया गया। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और भव्य भंडारा का प्रसाद ग्रहण किये। भंडारे को सफल बनाने में मां अंबे व्यवसायिक संघ सेन्हा का विशेष योगदान रहा। महिलाओं ने कहा कि भंडारे में सहयोग करने से पुण्य मिलता है। इस मौके पर विमला देवी, सविता देवी, गायत्री देवी, माया देवी, सोनी देवी, प्रीति देवी, कंचन देवी, कृश्णा देवी, पलक कुमारी, सिमा देवी, आकर्षि कुमारी, सानिया कुमारी, अनु देवी, पूनम देवी सहित दर्जनों सामिल रहे।

## मिशन बदलाव ने मदर टेरेसा के जन्मदिन पर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच किया फल का वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मदर टेरेसा के जन्मदिन पर मिशन बदलाव की महिला जिला सचिव सैयदा खातुन, नगर सचिव विनय गोप और मिशन बदलाव बुद्धिजीवी मोर्चा कन्वेनर डॉ अमित कुमार के नेतृत्व में सदर अस्पताल गुमला में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। सैयदा खातुन ने मदर टेरेसा के बारे में बताया और कहा कि उन्होंने 1947 में भारत पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान कई लोगों की मदद की थी। बंटवारे के दौरान अपने परिवार से बिछड़ गए बच्चों को पनाह दी। उन सभी बच्चों को एक जगह इकट्ठा कर सभी के लिए प्रबंध किया। मिशन बदलाव बुद्धिजीवी मोर्चा कन्वेनर डॉ अमित कुमार ने कहा कि भारत-पाकिस्तान एवं चीन-भारत के युद्ध के दौरान भारत की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। ऐसे में मदर टेरेसा ने बेसहारा लोगों को सहारा दिया था। स्लम क्षेत्र में रहकर उन्होंने खतरनाक बीमारियों से जूझ रहे लोगों की सेवा की। वह चाहती तो वापस कॉन्वेंट जा सकती थीं। लेकिन वहीं रहकर लोगों की सेवा की। स्लम क्षेत्र में गंदगी के बीच रहना आसान नहीं था। नगर सचिव विनय गोप ने कहा कि मदर टेरेसा को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पुरस्कार के साथ उन्हें 1,90,000 डॉलर का चेक भी दिया गया। जिसकी भारतीय मुद्रा में 1 करोड़ 41 लाख रुपए की राशि होती है। इतनी बड़ी रकम को उन्होंने गरीबों की सेवा में लगा दिया। ऐसे कार्य विरले ही संभव है। कार्यक्रम में नगर अध्य ज्योति वर्मा, लखन कुमार गोप, छोटेलाल महतो आदि भी शामिल थे।

## बसिया पुलिस ने पांच मवेशी लदे वाहन जब्त कर दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**बसिया (आजाद सिपाही)।** पुलिस को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर बसिया पुलिस ने थाना गेट के पास वाहन चेकिंग लगाया। जहां पर एक सूमो को रोका गया। सूमो की तलाशी के दौरान सूमो वाहन में लाद कर अवैध रूप से ले जाये जा रहे पांच मवेशियों को जब्त किया गया इसके साथ ही मवेशी के ले जा रहे दो तस्करों नोडिहा चंदनकियारी निवासी साउत काजी और रांची कांटाटोली निवासी मो साजिद को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार दोनों के अनुसार सोनू कुरैशी एवं सुनवाज कुरैशी गाय तस्करी के साजिशकर्ता हैं। पुलिस ने दोनों साजिशकर्ताओं के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की है। पशु तस्कर जब्त गायों को ओडिसा के कूटे नामक जगह से लेकर आ रहे थे जो बसिया पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

## मृतक प्रवासी श्रमिकों के शव लाने के लिए उपायुक्त ने परिजन को सौंपा 50 हजार रुपये का चेक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार अन्तराज्यीय प्रवासी मजदूरों को सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना अंतर्गत प्रवासी श्रमिक स्व. झालू उरांव एवं उनकी पत्नी स्व. राजकुमारी देवी ग्राम केशगानी, पोस्ट बारडीह, थाना चैनपुर, जिला गुमला झारखंड का हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन में मृत्यु के पश्चात मृत शरीर को पैतृक स्थान पर लाने हेतु उनके आश्रित में गंदौरी देवी को प्राकृतिक आपदा/ दुर्घटना में प्रवासी श्रमिकों की मृत्यु हो जाने की स्थिति में उनके शव को पैतृक निवास स्थान लाने हेतु तत्काल सहायता राशि के रूप में पचास हजार रुपये का चेक सौंपा गया। ज्ञातव्य हो कि प्रवासी श्रमिक स्व. झालू उरांव एवं उनकी पत्नी स्व. राजकुमारी देवी जो काम करने हिमाचल प्रदेश गये थे, की मृत्यु भू-स्खलन में दिनांक 23 अगस्त को हो गई थी। मृत्यु के पश्चात उनकी मां गंदारी देवी द्वारा उपायुक्त को अपने पुत्र स्व. झालु उरांव एवं बहु स्व. राजकुमारी देवी का शव पैतृक निवास स्थान चैनपुर, गुमला लाने हेतु आवेदन दिया गया था। जिसपर उपायुक्त द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए श्रम अधीक्षक, गुमला एवं एसआरएमसी, गुमला को मृतक प्रवासी श्रमिकों के शव को पैतृक निवास स्थान कैरागानी, चैनपुर, गुमला लाने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के शव को उनके पैतृक स्थान पहुंचाया गया।

### निरीक्षण : उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र के विकास को लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

# शहरी क्षेत्र में ड्रेनेज को लेकर मास्टर प्लान तैयार करें

**ट्रैफिक को व्यवस्थित रूप देने, बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण एवं साफ-सफाई आदि को लेकर उपायुक्त ने दिए कई निर्देश**

**भ्रमण के क्रम में स्थानीय दुकानदारों से भी उपायुक्त ने की मुलाकात**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शहरी क्षेत्र के विकास के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने प्रातः 8 बजे से नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त ने बाजार टांड़ का निरीक्षण किए जिसपर कंसल्टेंसी के माध्यम से दुकान निर्माण हेतु डीपीआर बनाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सैरात होल्डर दुकानदारों को साफ-सफाई एवं दुकानदारों की जगह निर्धारित करने की भी बात कही। बस स्टैंड के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बस स्टैंड में वाशिंग सेंटर एवं नयी दुकानों के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने एसटी/एससी थाना का भी निरीक्षण किया, जहां थाना परिसर अंतर्गत पड़े स्क्रैप को डिस्पोज कराने एवं पुराने जर्जर भवनों को कंडम घोषित करते हुए नये डीपीआर तैयार करने की बात कही। चौक एवं शहरी क्षेत्र के मेन सड़कों पर ट्रैफिक को व्यवस्थित करने हेतु उपायुक्त ने सिटी मैनेजर्स को एक प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं शहरी क्षेत्र के ड्रेनेज सिस्टम को भी बेहतर करने हेतु मास्टर प्लान तैयार करते हुए विभाग को पत्राचार करने का निर्देश दिए।

भट्ठी तालाब के पास सीसीटीवी कैमरा लगवाने, तथा तालाब के पानी की स्वच्छता को बरकार रखने हेतु नियमित वाटर ट्रीटमेंट कराने की बात कही। उपायुक्त ने त्योहारों के उपरांत मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया को लेकर भी योजना तैयार करने को कहा। उपायुक्त ने सभी दुकानदारों को अपनी दुकान के अंदर डस्टबिन रखने का कड़ा निर्देश दिए। बाहर डस्टबिन के देखे जाने पर दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पटेल चौक, कॉपरेटिव बैंक, टंगड़ा मार्केट, लोहरदगा रोड, थाना परिसर, मार्केट क्षेत्र, टावर चौक, बाजार टांड़, भट्ठी तालाब, बस स्टैंड आदि क्षेत्रों का दौरा किया एवं शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी मुख्य स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक बदलाव हेतु निर्देशित किए। इस दौरान एसडीओ सदर रवि जैन, नगर परिषद के सिटी मैनेजर्स के अलावा संबंधित विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

## 'भविष्य में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता एवं कैरियर मार्गदर्शन' पर सेमिनार आयोजित

**गुमला पॉलिटेक्निक के डिप्लोमा एवं बीसीए के छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए किया गया प्रेरित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** 'भविष्य में आर्टिफीशियल इन्टेलिजेंस की उपयोगिता एवं कैरियर मार्गदर्शन' विषय पर गुमला पॉलिटेक्निक ने सेमीनार कराया। इस सेमिनार का उद्देश्य डिप्लोमा एवं बीसीए के छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित करना था।

उपायुक्त उत्पाद, संथाल परगना, दुमका प्रमंडल, झारखण्ड मनोज कुमार मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। वहीं अतिथि वक्ता के रूप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मुरादाबाद प्रमंडल, उत्तर प्रदेश प्रणव झा ने कैरियर मार्गदर्शन, कौशल उत्थान, उभरती प्रौद्योगिकियों, व्यावहारिक शिक्षा और उद्यमशील मानसिकता को बढ़ावा देने जैसे आवश्यक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

मनोज कुमार ने विभिन्न उद्योगों में अपने व्यापक अनुभव से प्राप्त मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। उनके प्रेरणादायक शब्दों और व्यावहारिक सलाह ने छात्रों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, विविध कैरियर पथ तलाशने और अपने जुनून को जल्दी पहचानने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक अच्छी तरह से परिभाषित करियर दृष्टि, निरंतर सीखने के साथ मिलकर एक समृद्ध पेशेवर यात्रा की नींव बनाती है। प्रणव झा ने उद्योग की मांगों के साथ अकादमिक गतिविधियों को संरेखित करने के महत्व पर चर्चा करने के लिए मंच संभाला। उन्होंने लगातार विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य से मेल खाने के लिए कौशल को लगातार उन्नत करने के बारे में जानकारी दी। छात्रों को विकास की मानसिकता विकसित करने और सक्रिय रूप से कौशल विकास के अवसरों की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़े और उद्योग में प्रभावी ढंग से योगदान हो सके। सेमिनार में उभरती प्रौद्योगिकियों की दुनिया पर प्रकाश डाला गया, जिसमें प्रणव झा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर विस्तार से चर्चा की।

## एसपी ने मैट्रिक एवं ग्रेजुएशन किये युवाओं के बीच किया प्रोत्साहन राशि का वितरण

**गुरदरी थाना क्षेत्र के चौरापाठ गांव में पुलिस-पब्लिक की बैठक आयोजित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशनपुर।** गुरदरी थाना क्षेत्र के चौरापाठ गांव में शनिवार को पुलिस पब्लिक की बैठक गुमला पुलिस अधीक्षक एहतेश्याम वकारीब के नेतृत्व आयोजित की गई। जहां लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह सुदरवर्ती क्षेत्र पूर्व में अति नक्सल प्रभावित था, परंतु अब 90% नक्सली समाप्त हो चुके हैं। क्षेत्र में अब बेहतर विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि गांव के सभी बच्चे स्कूल जाएं और बेहतर शिक्षा ग्रहण करें जिससे इस क्षेत्र का विकास हो सके। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मौके पर मैट्रिक एवं ग्रेजुएशन किए गए लोगों के बीच में प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि पठारी क्षेत्र में नशा पान के कारण अपराधी घटनाएं बढ़ रही हैं इसलिए आप लोग नशा पान से दूर रहें। उन्होंने खासकर महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि महिलाएं शराब न बनाएं क्योंकि शराब पीने के बाद ही लोग घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अंधविश्वास पर जोर देते हुए कहा गया कि कोई भी व्यक्ति किसी को डायन बिसाही का आरोप लगाकर उसे प्रताड़ित नहीं करेंगे वैसा करने वाले व्यक्तियों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में वैसे लोगों को डायन कह कर प्रताड़ित किया जाता है जो शारीरिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर होते हैं। गांव में डायन विषय का आरोप लगाकर मारपीट एवं हत्या की जाती है। उन्होंने कहा कि डायन का आरोप लगाने पर भी सजा का प्रावधान है। इसलिए आप लोग कृपया इस कुप्रथा से बाहर निकलें। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी की समस्या का समाधान करने की बात कही गई। पुलिस अधीक्षक के द्वारा लोगों के बीच कई सामग्री का विवरण किया गया। मौके पर अभियान एसपी मनीष कुमार, गुरदरी थाना प्रभारी सदानंद सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम : व्यवहार न्यायालय गुमला में पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला आयोजित

# लैंगिक अपराधों से संरक्षण तथा पीड़ित बच्चों के पुनर्वास विषय पर की गयी विस्तृत चर्चा

**पोक्सो अधिनियम का उद्देश्य बच्चों के संरक्षण पर जोर देना है : डीसी अवस्थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झालसा, रांची, के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, संजय कुमार चांधरियावी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा जिला तथा पुलिस प्रशासन के सहयोग से व्यवहार न्यायालय गुमला में आयोजित किया गया।

उक्त कार्यशाला में न्याय प्रशासन, जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा एक मंच में आकर पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण तथा पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए पीड़ित प्रतिकार प्रदान करने की व्यवस्था के संबंध में तथा सरकार के हितकारी योजनाओं जैसे शिशु, आत्मनिर्भरता, आदि, पर और जेजे एक्ट के प्रावधानों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को लैंगिक हिंसा या अपराध का शिकार होने से बचाना है ताकि भविष्य में बच्चे देश निर्माण और समाज कल्याण में अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डीसी अवस्थी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुमला, तथा अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि ने बताया कि पोक्सो अधिनियम का उद्देश्य बच्चों के संरक्षण पर जोर देना है तथा समाज का यह दायित्व है कि बच्चों को उचित शिक्षा और संस्कार दें ताकि वह भविष्य में अच्छे नागरिक बन सकें। उन्होंने पीड़ितों से संवेदनशील व्यवहार तथा उन्हें उचित पीड़ित प्रतिकार उपलब्ध करवाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कोर्ट का कार्य केवल न्याय करना नहीं है बल्कि लोगों का कल्याण भी करना है।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने इस मौके पर कहा कि पोक्सो के अंतर्गत बालकों के विरुद्ध लैंगिक अपराध एक बहुत ही गंभीर अपराध है जिसकी सजा काफी गंभीर है।

प्रणव कुमार, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, गुमला ने पीड़ित बच्चों के काउंसलिंग और पुनर्वास पर जोर दिया। लैंगिक अपराध से पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए विभिन्न प्रकार की सरकारी कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। डॉ ललिता कुमारी मिंज के द्वारा बताया गया कि पोक्सो के मामलों में तुरंत उपचार जांच और मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। जिसका पालन अस्पतालों में पूर्ण रूप से किया जाता है।

पोक्सो अपराध में जांच में पुलिस की भूमिका पर सुमन कुमारी, थाना प्रभारी महिला थाना, गुमला ने बताया कि मुख्यतः अन्वेषण अधिकारियों को पीड़िता से चाइल्ड फ्रेंडली एप्रोच अपनाकर पूछताछ करनी चाहिए तथा अन्वेषण को 60 दिन के अन्दर खत्म करना चाहिए। कार्यशाला में सभी थाने के पुअनि, लिगल एड के विद्या निधि शर्मा, बुंदेश्वर गोप, जितेंद्र कुमार, इंदु पांडे, शंभू सिंह सदस्य अस्थाई लोक अदालत गुमला, अविनाश कुमार सुपरिटेंडेंट ऑब्जर्वेशन होम, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य डीसीपीओ सीडब्लूसी के अध्यक्ष एवं सदस्य, प्रकाश पांडे मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से साइकिल सवार व्यक्ति घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र के सेमरा जंगल के समीप अज्ञात फोर व्हीलर वाहन के धक्के से साइकिल सवार कोयनारा टोंगरी टोली निवासी 55 वर्षीय प्रदीप खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां सूचना पर पहुंचे परिजन ने तत्काल शाम लगभग 6:30 बजे सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों को देखरेख में घायल का इलाज जारी है। घटना के संदर्भ में परिजन ने बताया कि प्रदीप खड़िया साइकिल में सवार होकर सेमरा पहाड़ टोली जलावन लकड़ी लाने के लिए गया हुआ था। जहां वापसी के क्रम में एक अज्ञात फोर व्हीलर वाहन उसे धक्का मारते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। घटना में घायल के सिर और शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट लगी है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## पिरामल फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को दिया गया रीड एलोंग ऐप से संबंधित प्रशिक्षण



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित महिला विकास मंडल भवन के परिसर में रीड एलोंग ऐप से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण में मौजूद पिरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम से आये गांधी फेलो सुपर्णा मोदक व केतन आनंद ने संयुक्त रूप से रीड एलोंग एप्लीकेशन के फायदे, उपयोग करने की विधि एवं उपयोग करने का तरीका की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद लोगों को प्रशिक्षण देते हुए गांधी फेलो सुपर्णा मोदक ने बताया कि यह मोबाइल एप बच्चों में पढ़ने की क्षमता को बढ़ाएगा, इसके माध्यम से आप अपनी भाषा का ज्ञान बढ़ा सकते हैं। अंग्रेजी-हिंदी भाषा का ज्ञान एवं उसके इस्तेमाल पर भी इस एप्लीकेशन में जोर दिया गया है। वहीं मौजूद 46 दीदियों को इस एप्लीकेशन को इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बताया कि रीड एलोंग एप्लीकेशन में 40 मिलियन से ज्यादा छोटी-छोटी कहानियां हैं। जिसे बच्चे अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में पढ़ सकते हैं। इस मौके पर प्रमोद जायसवाल, कविता कुमारी, रमती भगत, आशा मुंडा सहित आजीविका महिला संकुल संगठन की दीदी व अन्य लोग मौजूद थे।

## घाघरा प्रखंड कार्यालय में भाकपा (माले) रेड स्टार और झानद का संयुक्त कार्यक्रम 28 अगस्त को

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल, घाघरा का संयुक्त कार्यक्रम घाघरा प्रखंड मुख्यालय में 28 अगस्त को दिन के 11 बजे से आहूत किया गया है। इस आशय की जनाकारी देते हुए प्रखंड प्रभारी शिव प्रसाद साहू ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में 2009 के पदयात्रियों को सम्मानित करने के अलावे जनपक्षीय पत्रकारिता को प्रोत्साहन देने के लिए पत्रकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के वरिष्ठ नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

## घाघरा में फ्रेंडली फुटबॉल मैच में मनातू की टीम बनी विजेता




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के रुकी खेल मैदान में फ्रेंडली फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। फ्रेंडली मैच में रुकी पंचायत के कुल 13 टीमों ने भाग लिया। वहीं फुटबॉल मैच के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा की खेल में भी उज्जवल भविष्य है। इसके पूर्व ही प्रखंड प्रमुख सविता देवी व पूर्व उप प्रमुख कृष्ण कुमार लोहार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। फ्रेंडली मैच में मनातू व जलका केंद टोली की टीम फाइनल में उतरी। जहां मनातू ने दो गोल मारकर जलका केंद टोली को पराजित किया। टूर्नामेंट में भाग लिए सभी टीमों को एक सेट जर्सी और फुटबॉल दिया गया। मौके पर पूर्व प्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा, उप मुखिया छोटन बड़ाईक, संदीप मिंज, कमल मुंडा, आनंद उरांव, रूपेश उरांव, दिलबहार उरांव, सुनील उरांव, सिलास उरांव, दिलीप उरांव, बिरी उरांव, गजेंद्र लोहरा, तेजू महतो, राजमोहन यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## बीडीओ ने जांच के लिए भेजा नमक का सैंपल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा जन वितरण प्रणाली में दी जाने वाली पैकेट बंद आयोडीन युक्त नमक में पत्थर एवं कांच का चूर्ण मिलने के बाद शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति अधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने नमक को सैंपल के तौर पर जिला आपूर्ति प्राधिकारी गुमला को लैब में जांच कराने के लिए भेज दिया है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने बताया कि लगातार बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से नमक में बालू एवं कांच का चूर्ण मिलने की शिकायत आ रही थी। जिस शिकायत के आधार पर शुक्रवार को मैंने अपने कार्यालय में नमक घोलकर जांच की तो सचमुच वहां पत्थर के चूर्ण जैसा कुछ चीज दिखाई दिया। जिसकी सूचना जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दी गई थी। जिसके बाद आज पैकेट बंद नमक को लैब में जांच के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेज दिया गया है। वहां से वह नमक जांच के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि बिशुनपुर प्रखंड में नमक का वितरण हो चुका है ऐसी स्थिति में लोग इसका सेवन न करें।

## असंगठित कामगार कांग्रेस प्रदेश सचिव बने दिलीप तिर्की, नेता-कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ. उदित राज ने सिमडेगा कांग्रेस इंटक नेता दिलीप तिर्की को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए असंगठित कामगार कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त किया। दिलीप ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित प्रदेश अध्यक्ष शैलेस पांडे का आभार व्यक्त किया। साथ ही दिलीप ने यह भी कहा कि मैं इस जिम्मेवारी को निष्ठा पूर्वक निभाते हुए कांग्रेस पार्टी को ज्यादा से ज्यादा मजबूती देने का काम करूंगा। साथ ही अधिक से अधिक मजदूर हित में उनके दुःख सुख एवं अन्य असुविधा और उनकी जायज मांग के लिए हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। इस नई जिम्मेवारी के लिए कामगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष कौशल किशोर रोहिल्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप केशरी, वरिष्ठ कांग्रेसी डीडी सिंह, जिला परिषद शांतिबाला, विधायक प्रतिनिधि सम्मी आलम, कांग्रेस जिला महासचिव खुशीराम कुमार,सतेंद्र रोहिल्ला, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनूप लकड़ा, नमिता बा, इंटक जिलाध्यक्ष अरुण पाढ़ी, फनी मुकुट, पुनीत मिंज, संदीप नायक, महताब आलम, अमित डुंगडुंग, जमीर खान, खूंटी के आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश तिर्की, विलसन टोपनो सहित कई गणमान्यों लोगों ने दिलीप तिर्की को बधाई दी है।

## श्रावणी महोत्सव में होगा भव्य भंडारा और झांकी का आयोजन

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज थाना स्थित थानेश्वर महादेव मंदिर में 28 अगस्त को रुद्राभिषेक एवं भव्य भंडारा का आयोजन होगा। इसके बाद संकट मोचन महावीर मंदिर के प्रांगण में संध्या में बाहर से आए कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण एवं झांकी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सनातन धर्म सभा के केंद्रीय पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि थानेश्वर महादेव के निर्माण में जिनकी भूमिका रही है। साथ ही सनातन धर्म के लिए सक्रिय रहने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। वहीं, लेस्लीगंज स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर प्रांगण में 29 अगस्त को महा आरती होगी। महा आरती के उपरांत भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया है। वहीं, झांकी युक्त भक्ति जागरण का आयोजन महावीर मंदिर समिति की ओर से किया गया है। यह जानकारी आयोजन समिति के पवन सोनी, अनिल गुप्ता और सुदर्शन सोनी ने दी।

### आक्रोश : ग्रामीणों ने किया हंगामा, वन विभाग के लोगों पर मिलीभगत का आरोप

# खैर के पेड़ों की हो रही है अंधाधुंध कटाई, 150 सीएफटी लकड़ी जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर वन क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से खैर की लकड़ी के तस्कर सक्रिय हैं। लाखों सीएफटी खैर की लकड़ी प्रति वर्ष यहां से ट्रकों के जरिए हरियाणा, पंजाब और राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों में भेजा जाता है। मूल तस्कर हरियाणा और राजस्थान के ही बताये जा रहे हैं। जो कुछ स्थानीय लोगों को साथ मिलाकर वन प्रक्षेत्र से खैर के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कराते हैं। जिसमें वन विभाग के स्थानीय कर्मियों की भी संलिप्तता होती है। जब वन क्षेत्र से सटे गांव के ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो



विभाग के स्थानीय वनकर्मी हरकत में आते हैं। ऐसा ही मामला शनिवार को मोहम्मदगंज - विश्रामपुर वन प्रक्षेत्र के छिपादोहर कला गांव से सटे जंगल में देखने को मिला। यहां पिछले कई दिनों से खैर के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चल रही थी। ग्रामीण इसका विरोध भी कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया की इसकी सूचना वन विभाग के बिश्रामपुर स्थित विट चौकी को दी थी। बावजूद इसके चौकी के वनकर्मियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। शनिवार को ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा को दी। वे ग्रामीणों के साथ जंगल में गए। जहां दर्जनों खैर का पेड़ काटकर एक जगह जमा किया हुआ मिला। इसके बाद ग्रामीण तस्करों और वन विभाग के स्थानीय कर्मियों के खिलाफ हंगामा करने लगे। इस पर ऋतुराज मिश्रा ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और इसकी सूचना मोबाइल से ही वरीय वन अधिकारियों को दी। तब जाकर वन विभाग के विश्रामपुर बिट के कर्मी हरकत में आए और जंगल पहुंचे। लेकिन तबतक तस्कर लकड़ी छोड़ फरार हो चुके थे। बिट चौकी कर्मियों ने खैर की लकड़ी को जब्त कर लिया। जब्त लकड़ी को जंगल से ट्रैक्टर की मदद से बिट चौकी पर लाया गया। जब्त खैर की लकड़ी 150 सीएफटी है। जिसका बाजार मूल्य चार से पांच लाख रुपए बताया जा रहा है। इस बाबत पूछे जाने पर बिट चौकी इंचार्ज कुमार गौरव ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया हैं। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि जंगल में पेड़ों की कटाई की कोई जानकारी नहीं थी। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि बिट चौकी कर्मियों को कई बार इसकी जानकारी दी गई थी।

## मेदिनीनगर खासमहाल जमीन का होगा लीज नवीकरण, डीसी सक्षम प्राधिकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** खासमहाल भूमि के लीज नवीकरण के लिए बाजार दर के निर्धारण के लिए आवश्यक औपचारिक प्रक्रियाओं को स्पष्ट करते हुए बताया गया कि जिला अंतर्गत सभी प्रकार के भूमि (शहरी एवं ग्रामीण) के न्यूनतम मूल्य निर्धारण के लिए संबंधित जिले के डीसी सक्षम प्राधिकार हैं। पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल के निर्देश पर आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो ने राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश से अवगत कराते हुए बताया कि विभाग के विभिन्न पत्रों एवं अधिसूचना से स्पष्ट है कि जिला अंतर्गत सभी प्रकार के भूमि के न्यूनतम मूल्य निर्धारण के लिए संबंधित जिला के डीसी सक्षम प्राधिकार हैं। यदि किसी क्षेत्र के न्यूनतम मूल्य निर्धारण में कोई विसंगति हुई है अथवा न्यूनतम मूल्य बाजार मूल्य से अधिक हो गया है, तो इसकी जांच डीसी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की जाएगी। इस कमेटी में सदस्य के रूप में अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला अवर निबंधक/अवर निबंधक, नगर निगम/ नगरपालिका आदि के कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित जिला अधिकारी और कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग शामिल रहेंगे। इस समिति द्वारा जांच कर संबंधित मौज/वार्ड के न्यूनतम मूल्य में संशोधन कर इसकी सूचना निबंधन महानिरीक्षक को दी जाएगी। विदित हो कि प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय द्वारा नवंबर 2022 में मेदिनीनगर में उपलब्ध खासमहाल भूमि से संबंधित परामर्शदातृ समिति द्वारा निर्धारित भूमि के अद्यतन बाजार दर के अनुमोदन के लिए राजस्व, भूमि सुधार विभाग से अनुरोध किया गया

## नीट परीक्षा में सफल छात्र को स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** नीट परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले छात्र राजा सिंह को समारोह आयोजित कर स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। बताते चलें कि बेलचम्पा के ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल के छात्र राजा सिंह नीट परीक्षा में सफलता अर्जित कर एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए हरियाणा के रोहतक पीजीआई में दाखिला लिया है। राजा की इस सफलता पर स्कूल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन कर उसे सम्मानित किया गया। वहीं,



स्कूल के निदेशक आनंद कुमार पंकज व प्राचार्य अजय कुमार उपाध्याय ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिक्षक सजाउल हक, अर्जुन कुमार, राजीव कुमार, अखिलेश कुमार, मंजू कुमारी, रूप सिंह, विभा चौबे, नेहा चौबे, मेहविश खातून, खुशी कुमारी सहित शिक्षक-शिक्षिका आदि मौजूद थे।

## बसपा का मझिआंव में विश्रामपुर विस स्तरीय सेक्टर सम्मेलन 29 को: राजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से 29 अगस्त को मझिआंव में विश्रामपुर विधानसभा स्तरीय सेक्टर सम्मेलन का आयोजन होगा। उक्त बातें बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विस प्रत्याशी राजन मेहता ने शनिवार को विश्रामपुर में प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को मझिआंव विवाह मंडप में सेक्टर सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा के क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विश्रामपुर व मझिआंव क्षेत्र में घूमकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का निमंत्रण भी दे रहे है। प्रेसवार्ता में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार, डॉ राजेश राम, अश्वनी पांडेय, धर्मेंद्र ठाकुर, बबलू मेहता, संजय मेहता, उदेश्वर महतो, डॉ आरपी राम, राकेश कुमार, राम नारायण पासवान प्रखंड अध्यक्ष शिवकुमार राम, अजय राम, अमेश राम, अजमुद्दीन अंसारी और कुतबुद्दीन अंसारी भी शामिल थे।

## हिंदू महासभा का हुआ गठन, संजय ठाकुर बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर प्रांगण में सनातन धर्म प्रेमियों की बैठक हुई। जिसमें हिंदू महासभा का गठन किया गया। सर्वसम्मति से संजय ठाकुर को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बतातें चले कि सनातन धर्म प्रेमियों की ओर से बैठक कर हिन्दू महासभा का गठन किया गया। साथ ही इसबार गणपति पूजा करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के पुजारी पंडित अचियूतानंद पांडेय व संचालन संतोष केशरी ने किया। बैठक में अजय केशरी व सुनील कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष, संतोष गुप्ता



हिंदू महासभा की बैठक में उपस्थित लोग।

को सचिव, संजय केशरी को कोषाध्यक्ष और सुभाष गुप्ता व मनोज गुप्ता को मंत्री बनाया गया। वहीं, अच्यूतानंद पांडेय, लालन सोनी, श्याम किशोर पाठक, शशि ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, डॉ एसएस विश्वास चांसी, शिव केशरी, राजेंद्र केशरी व राजकुमार मेहता को संरक्षक का पदभार सौंपा गया है। इसके अलावा अमित सोनी, अनूप कुमार, पप्पू गुप्ता, गोलू गुप्ता, सत्यम गुप्ता, चंदन चंद्रवंशी आदि युवाओ को सदस्य बनाया गया है।

## मुरहू में निर्बाध जलापूर्ति के लिए बनेगा बियर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू में बनाए गए जलमीनार से निर्बाध जलापूर्ति हो सके, इसे लेकर जलापूर्ति के लिए बनाए गए इंटक वेल के समीप जल्द ही बियर का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सचिव से बात की है। विधायक ने बताया कि इस मामले में उनका सचिव से बात हुई है। सचिव ने खूंटी पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को बियर निर्माण के लिए सर्वे कर डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हुसैनाबाद में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के मुन्नी सिंह चौक के समीप झामुमो कार्यालय में शनिवार को पार्टी के केंद्रीय सदस्य वशिष्ठ कुमार उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो नेताओं-कार्यकर्ताओं ने प्रखंड क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए महिला-पुरुष को रसीद काटकर झामुमो की सदस्यता दिलाई। केंद्रीय सदस्य बबलू सिंह ने कहा कि झामुमो जनता की अपनी पार्टी है। यह एक ऐसी पार्टी है जो क्षेत्र का विकास कर सकती है। झामुमो सुप्रीमो जनता के दुख-दर्द को दूर कर सकते हैं। अन्य पार्टियां तो केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए जुड़ती है। इस दौरान लोगों को झामुमो की नीति एवं सिद्धांत के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मौके पर रामप्रवेश सिंह, योगेंद्र सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, विजय राम, रमेश राम, पिंटू सिंह, राजेश सिंह, आजम खान, जगदीश राम, रामनाथ, अभिमन्यु सिंह, दिनेश पासवान, सोनवा देवी, परवतिया देवी, आरती देवी, लीलावती कुमारी, चिंता देवी और सविता देवी आदि मौजूद थे।

### अधिवक्ता राकेश सिंह बने हुसैनाबाद किसान ब्रिगेड के कानूनी सलाहकार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** किसान ब्रिगेड कोर कमेटी की ओर से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में किसानों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित सहायता प्रदान करने के लिए प्रखंड स्तर पर कानूनी सलाहकारों की नियुक्ति की है। जिसके तहत हुसैनाबाद में अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह को हुसैनाबाद किसान ब्रिगेड का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी किसान ब्रिगेड के प्रवक्ता रवि रंजन कुमार सिंह, अनुमंडलीय अध्यक्ष लाल धन ठाकुर और सचिव सुधीर कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन कर संयुक्त रूप से जानकारी दी। प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह ने कहा कि हमारे यहां किसान छोटे-छोटे कागजी काम को लेकर कार्यालयों का चक्कर काटते रहते हैं। जानकारी के अभाव में उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है। इस बात को हम सभी ने हमारे संगठन के संरक्षक कर्नल संजय सिंह के संज्ञान में लाते हुए उनके सामने कानूनी सलाहकार नियुक्ति का प्रस्ताव रखा, जिस पर उन्होंने अपनी सहमति दी। जिस कारण हुसैनाबाद में कानूनी सलाहकार को नियुक्त किया गया है। प्रत्येक रविवार की सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक हुसैनाबाद किसान ब्रिगेड कार्यालय पर क्षेत्र के सभी किसानों को मुफ्त में कानूनी सलाह दी जाएगी।

### राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रतिनिधित्व करने पर सम्मानित किये गये पथरा के मुखिया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान को प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को मुखिया संघ की ओर से मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विदित हो कि केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से 21-23 अगस्त तक श्रीनगर में पंचायत ऑफ गुड गवर्नेंस विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में झारखंड प्रदेश से हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान व एक अन्य महिला मुखिया ने प्रतिनिधित्व कर क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया था। उधर, मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना गौरव का पल रहा। कार्यशाला में मिली जानकारी से क्षेत्र को आधुनिक तकनीक व गुड़ गवर्नेंस के माध्यम से सजाने-संवारने का कार्य करूंगा। वहीं, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण राम, सचिव सह दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, डंडिला मुखिया ओमप्रकाश राजवंशी, बिमलेश पासवान व कुंदन पासवान आदि ने शुभकामनाएं दी।

### बीआरसी परिसर में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र में शनिवार को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेदिनीनगर की मेडिकल टीम की ओर से हुसैनाबाद, हैदर नगर एवं मोहम्मदगंज के दिव्यांग बच्चों का शारीरिक जांच कर सर्टिफिकेट दिया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों ने जांच करवायी और सर्टिफिकेट सौंपा। जिन बच्चों का पूर्व में सर्टिफिकेट बनाया गया था उनका उपकरण दिव्यांगता के अनुसार प्रदान किया गया। शिविर में बेदौलिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के ज्ञानदीप कुमार, सुहाना कुमारी समेत कई अन्य बच्चों को तीन पहिया ई रिक्शा प्रदान किया। वहीं अंजली कुमारी को इस शिविर में ईएनटी डॉक्टर द्वारा जांच कर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मौके पर डॉ पीएन सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स




भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंच गये हैं। वह रविवार को फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने के इरादे से उतरेंगें।

### किशोर जेना और डीपी मनु ने भी भाला फेंक के फाइनल में बनायी जगह

# इतिहास रचने उतरेंगे नीरज चोपड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के करीब हैं। वह रविवार को फाइनल में उतरेंगे। नीरज की नजर पहली बार इस टूर्नामेंट में स्वर्ण जीतने पर होगी। ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और डायमंड लीग में चैंपियन बनने वाला यह खिलाड़ी अब तक सिर्फ विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ही स्वर्ण नहीं जीत पाया है। नीरज रविवार को अपनी झोली में स्वर्ण डालने उतरेंगे। टोक्यो ओलंपिक विजेता नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को एक ही थ्रो में न सिर्फ पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल कर लिया, बल्कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के




फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। सिर्फ नीरज ही नहीं देर से वीजा मिलने के चलते अंतिम क्षणों में बुडापेस्ट पहुंचने वाले किशोर जेना और डीपी मनु ने भी भाला फेंक के फाइनल में जगह बना ली। यह पहली बार है जब विश्व एथलेटिक्स की किसी एक इवेंट में तीन भारतीय एक साथ फाइनल में पहुंचे हैं। नीरज ने अपनी पहली ही थ्रो में 88.77 मीटर भाला फेंका। यह सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## अंडर-15 बालक वर्ग में एसटीसी गुमला-सिमडेगा और अंडर-17 बालक वर्ग में एसटीसी खूंटी-एसटीसी सिमडेगा के बीच फाइनल मुकाबला आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को अंडर 17 बालक/ बालिका वर्ग और अंडर-15 बालक वर्ग का सेमीफाइनल मैच खेला गया। अंडर-17 बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और रांची के बीच खेला गया। स्त्रे२ एसटीसी सिमडेगा की टीम ने 4-0 गोल से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच एसटीसी लचरागढ़ एवं एसटीसी बरियातू के बीच खेला गया जिसमें बरियातू की टीम 3-0 से मैच जीत कर फाइनल में पहुंचा। अंडर-17 बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और सिमडेगा के बीच खेला गया, इसमें एसटीसी सिमडेगा की टीम ने 5-1 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच एसटीसी खूंटी और लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमें खूंटी की टीम ने लोहरदगा को 16-0 से रौंदकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इसी तरह अंडर-15 बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी गुमला और रांची के बीच खेला गया, जिसमें गुमला की टीम ने 8-1 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच सिमडेगा और एसटीसी लातेहार के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण हुए इस मैच को सिमडेगा की टीम ने 3-2 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को तीनों वर्गों का फाइनल मैच खेला जाएगा। अंडर-15 बालक वर्ग का फाइनल मैच एसटीसी गुमला और सिमडेगा के बीच खेला जाएगा। इसी तरह अंडर-17 बालक वर्ग का फाइनल मैच एसटीसी खूंटी एवं एसटीसी सिमडेगा के बीच सुबह और अंडर-17 बालिका वर्ग का फाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और एचटीसी बरियातू के बीच अपराह्न दो बजे से खेला जाएगा। इससे पूर्व अंडर-17 बालक वर्ग के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में एसटीसी खूंटी ने चतरा को 10-0 से, दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में एसटीसी सिमडेगा ने लातेहार को 10 -0 से, तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में सिमडेगा ने पश्चिमी सिंहभूम को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में लोहरदगा को गुमला के विरुद्ध वॉकओवर मिला।

**नाराजगी :** सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 4 घंटे के बाद भी नहीं मिला मुआवजा

# सड़क पर टायर जला कर झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग किया घंटों जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंगला-जामाडोबा मुख्य मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के समीप शुक्रवार को ट्रक की चपेट में आकर समीद खान नामक बाइक सवार युवक की मौत के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मुआवजा नहीं मिला है। इससे नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क पर टायर जलाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुआवजा देने की की मांग करने लगे। बतातें चलें कि जामाडोबा रमजानपुर निवासी की युवक की जामाडोबा रेलवे फाटक के समीप ट्रक की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी थी। उक्त मार्ग पर भागा रेलवे साइडिंग से सीमेंट लोड करने के लिए ट्रकों की आपाधापी मची रहती है। जल्दी ट्रक में सीमेंट लोड करने के चक्कर में सभी ट्रक चालक तीब्र गति से वाहन चलाते हैं। जिस कारण आये दिन हादसे होते रहते हैं। दूसरी ओर, दुर्घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मुआवजा नहीं मिलने से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। घंटों जाम लगे रहने के कारण गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। इस दौरान धनबाद डीसी वरुण रंजन का भी काफिला वहां से गुजरा पर बिना रुके वो भी सीधे सिंदरी की ओर निकल गए। इससे लोग और आक्रोशित हो गए। जोड़ापोखर थाना में ट्रांसपोर्टर, थाना प्रभारी, स्थानीय नेताओं और आक्रोशित लोगों के बीच मुआवजा को लेकर वार्ता हुई पर मुआवजे पर सहमति नहीं बनी। नेताओं ने कहा कि ट्रांसपोर्टर संजय सिंह, विनय सिंह पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। गाड़ी का कागजात पूरा है। लोगों का कहना है कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद भागा स्थित रैक पॉइंट में रख कर फिर से धरना दिया जाएगा। ताकि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा मिल सके।




मुआवजे की मांग को लेकर झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग को जाम कर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते मृतक के परिजन व स्थानीय ग्रामीण

## मुख्यमंत्री सचिवालय ने दिया अंगवाली डाकबांगला के जीर्णोद्धार का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिछरी/बेरमो।** मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से जल संसाधन विभाग के सचिव को पेटरवार प्रखंड के अंगवाली पंचातय स्थित डाकबांग्ला का जिर्णोद्धार करने का निर्देश दिया गया है। बतातें चलें कि पिछरी निवासी सह बेरमो विधायक प्रतिनिधि सीसीएल ढोरी के आशिष पाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सिंचाई विभाग के अंगवाली बहरागोड़ा स्थित डाक-बंगला का जिर्णोद्धार करने की अपील की थी। पत्र में यह उल्लेखित किया गया था कि यह डाक बंगला इस सुदूर क्षेत्र के लिए अति महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी डाक बंगला से यहां के लोग शादी, विवाह एवं अन्य राजनीतिक दल के लोग बैठक एवं अन्य कार्य करते हैं। इस डाक बंगला का निर्माण 1965 में किया गया था। पर रखरखाव के अभाव में यह अब खंडहर का रूप ले चुका है। खांजो नदी के किनारे होने से यह एक रमणीक स्थल के रूप में भी जाना जाता है। जंगलों के बीच होने के कारण यह एक स्पोर्ट के रूप में भी विकसित किया जा सकता है। इस विषय को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय ने जल संसाधन विभाग के सचिव को अग्रतार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिसकी सूचना पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री सचिवालय ने आशीष पाल को दी है। उन्होंने बताया कि उक्त डाक बंगला एक धरोहर के रूप में है। क्योंकि इस डाक बंगला का निर्माण टेनू बोकारो नहर निर्माण के समय 1965 में किया गया था। इस डाक बंगला में सहायक अभियंता एवं कनिय अभियंता की प्रस्तावना भी की गई थी। कई विभागीय कार्य इस डाक बंगले से होते थे। पर विभागीय उदासीनता के कारण अब यह एक खंडहर का रूप ले चुका है।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू(राँची)
ई–मेल – nagarpanchayatbundu@gmail.com पता–ब्लॉक कैम्पस, ब्लॉक रोड, बुण्डू
ज्ञापांक–दिनांक–

आम सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत, बुण्डू क्षेत्र अंतर्गत आम नागरिकों एवं सभी नलकुप एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, बुण्डू क्षेत्र अंतर्गत बिना अनुमति / अनुज्ञप्ति के नलकुप बोरिंग करते पकड़े जाते हैं तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत गैरकानूनी एवं दण्डनीय होगा।

कार्यालय ज्ञापांक– 650 दिनांक– 24.06.2023 के माध्यम से बोरवेल एजेंसियों को निबंधन (रजिस्ट्रेशन) कराने हेतु आम सूचना अखबार में प्रकाशित है।

यदि कोई नागरिक / बोरवेल एजेंसी कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू से बिना अनुमति / अनुज्ञप्ति प्राप्त किये नलकुप बोरिंग कराते पकड़े जाते हैं तो उस पर 5000/– से 10000/– रूपया तक दण्ड शुल्क कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू में देय होगा।

नोटः– शेष शर्ते कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 305635 Urban Development(23-24)D

## बोकारो डीसी को चतरोचट्टी में बैंक स्थापित कराने के लिए बीडीओ एवं सीओ ने प्रेषित किया पत्र

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** बीडीओ कपिल कुमार व सीओ संदीप अनुराग टोपनो ने बोकारो डीसी को संयुक्त पत्र प्रेषित कर गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी बाजार में राष्ट्रीयकृत बैंक खोलने की अपील की है। बीडीओ व सीओ ने यह अनुरोध भाकपा नेता इफ्तेखार महमूद द्वारा उठाये गये मांग पर बोकारो डीसी को पत्र प्रेषित किया है। बीडीओ ने कहा कि चतरोचट्टी बाजार में एक भी सरकारी बैंक नहीं हैं। जिस कारण ग्रामीणों को बैकिंग कार्य के लिए 5 से 30 किलोमीटर दूर गोमिया, विष्णुगढ व नवादा जाना-आना पडता हैं। इसमें सबसे अधिक परेशानी वनों में काम करने वाले, सड़क व भवन निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों को उठाना पड़ता हैं। बीडीओ ने कहा कि गोमिया प्रखंड अंतर्गत चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के लगभग 35 गांवों का मुख्य व्यवसायिक केंद्र चतरोचट्टी बाजार हैं। जहां की आबादी लगभग 60 हजार हैं। यहां एक सरकारी बैंक खुलता है तो व्यवसायी सहित आम जनता व मजदूरों को बैकिंग कार्य की काफी सुविधा होगी। इधर, महमूद ने प्रखंड प्रशासन द्वारा बैक खोलने की दिशा पर बल दिए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए चतरोचट्टी बाजार में सरकारी बैंक खोलने का अविलंब पहल करनी चाहिए, ताकि लोगों को बैकिंग परेशानी से निजात मिल सके।

## छात्र-छात्राओं के लिए एकाग्रता बेहद जरूरी : प्राचार्य बृजमोहन

**डीएवी-6 में अंतर सदनीय स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** रक्षाबंधन के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को छठी से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें चारों सदनों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धानंद सदन, दयानंद सदन, विवेकानंद सदन व हंसराज सदन के छात्र-छात्राओं ने पूरी तन्मयता से चार्ट पेपर पर स्लोगन लिखा। सभी छात्र-छात्राएं अपने स्लोगन को सुंदर ढंग से सजाया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में ग्रुप अ वर्ग में एकता भारती दयानंद सदन को प्रथम स्थान, श्रुति महतो विवेकानंद सदन को द्वितीय व सिद्धि कुमारी दयानंद सदन को तीसरा स्थान मिला। इसी प्रकार ग्रुप ब वर्ग में सोनी कुमारी हंसराज सदन को प्रथम स्थान, सुनैना कुमारी दयानंद सदन को द्वितीय स्थान और नीतू कुमारी श्रद्धानंद सदन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए एकाग्रता अत्यंत ही आवश्यक है। अतः एकाग्रचित होकर स्लोगन को प्रस्तुत करना भी एक अच्छी कला है। विद्यार्थियों के लेखन क्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपा कुमारी, नीलम झा, बाल शेखर झा, स्वाती, रूबी कुमारी, विद्यासागर झा, मनीषा सहाय, ज्योति वाला, स्वरूप कुमार नाथ अखिलेश कुमार व श्याम भूषण श्रीवास्तव का विशेष सहयोग मिला।

## अनपति देवी स्कूल में छात्राओं को दी गयी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो स्थित अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में सरोज देवी फाउंडेशन की ओर से कक्षा छठी से 10वीं तक की छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के सरोज देवी फाउंडेशन से आशा कुमारी और फुसरो से सरिता देवी उपस्थित रहीं। अतिथियों में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सविता दीदीने अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत की। उन्होंने बालिकाओं से संबंधित समस्याओं की विभिन्न जानकारियां दी। अंत में भगवंती दीदी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बताया कि स्वस्थ भारत निर्माण के लिए इसकी जानकारी अति आवश्यक है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सिमडेगा।

"शुद्धि पत्र"

इस कार्यालय के अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–प0नि0वि0/सिमडेगा/03 /2023–24, दि0 22.08.2023, PR No.- 305378 Road (23-24)D द्वारा आमंत्रित, पथ प्रमंडल, सिमडेगा के गैर–योजना मद अन्तर्गत कार्यों की निविदा शर्त्ते की क्रम संख्या (6) में अंकित **"वित्तीय वर्ष 2022–23 गैर–योजना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी"** के स्थान पर **"पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 गैर–योगना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी"।** पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्त्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR 305636 (Road) 23-24 (D)

## महुदा के लोहापिट्टी क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी है कोयले का अवैध खनन

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के लोहापिट्टी पंचायत अंतर्गत अंधारी बस्ती में जोरिया के समीप कोयले का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। कोयला तस्कर ग्रामीणों को आगे कर लगातार अवैध कोयले का खनन करवा रहे है। आये दिन पुलिस द्वारा छोटी-मोटी कार्रवाई के बीच तस्करों के यह काला खेल जारी है। बताया जा रहा कि तस्करी के लिए लोहापिट्टी पंचायत में आठ से 10 अवैध मुहाने बनाये गए हैं। कोयले के इस काले खेल में स्थानीय तस्कर के अलावे कई सफेदपोश भी जुड़े हैं। तस्कर चंद पैसों का लालच देकर गांव के नाबालिग, महिलाओं के आलावा बाहर से मजदूरों को लाकर खुदाई करवा रहे हैं। सभी मजदूरों को स्थानीय कोलियरी कार्यालय के पीछे बिसीसीएल के क्वाटरों में रखा गया हैं। जिस कारण बीसीसीएल के अधिकारीयों व स्थानीय पुलिस की भूमिका पर स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो पूर्व में इसी क्षेत्र में अवैध खनन के दौरान 12 वर्षीय एक किशोरी व 22 वर्षीय एक युवक की मौत हो चुकी है।

### मुखिया प्रतिनिधि को धमकी

मुखिया प्रतिनिधि बॉबी महतो ने बताया कि अवैध कारोबार की बात मेरे संज्ञान में आते ही अवैध खनन स्थल गया तो मुझे भी तस्करों ने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। बोला गया कि जहां जाना हैं जाओ, मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। मुखिया प्रतिनिधि ने पुलिस व खनन विभाग को लिखित शिकायत पत्र देने की बात कही है।

## सिंफर के लैब असिस्टेंट की मौत के बाद परिजनों ने शव लेने से किया इनकार



**झरिया (आजाद सिपाही)।** डिगवाडीह सिंफर के लैब असिस्टेंट चद्र भूषण सिंह (50) की मौत शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान पश्चिम बंगाल के हल्दिया में हो गयी थी। शानिवार को परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना था कि सिंफर प्रबंधन की ओर से पहले मृतक के पुत्र रौनक को नियोजन दिया जाए तभी वे शव लेंगे। मृतक की पत्नी रूसी देवी का कहना है कि छह माह पहले ही उनके पति चंद्र भूषण को हार्ट अटैक आया था। इसके बावजूद सिंफर प्रबंधन की ओर से उन्हें कोयले का सैंपलिंग लाने के लिए हल्दिया भेज दिया गया। वहां वे होटल में रुके थे। तबियत बिगड़ने के बाद उनके सहयोगियों द्वारा उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं सिंफर के कार्यालय प्रशासनिक हेड आलोक शर्मा और पीओ कुमार राहुल द्वारा परिजनों को समझाने का पूरा प्रयास किया गया पर वे नियोजन की मांग पर अड़े रहे। प्रशासनिक हेड आलोक शर्मा ने परिजनों से कहा कि नियोजन के 40 मामले अभी लंबित है। इसके बावजूद चंद्र भूषण के आश्रित को जल्द से जल्द नियोजन दिलाने की कोशिश करेंगे। यह बात सुन भाजपा नेता राजकिशोर जैना भड़क गए और कहा कि पिछले 40 मामले और इस मामले में बहुत अंतर है। चंद्र भूषण की मौत ड्यूटी के दौरान हुई है। इस लिए इनके आश्रित को नियोजन अविलंब मिलना चाहिए। उन्होंने धनबाद सांसद पीएन सिंह से नियोजन को लेकर बात की। वहीं फुसबंग्ला में सड़क जाम के कारण सिंफर निदेशक नहीं आ सके।

## प्रधानमंत्री के मन की बात से बोकारो के कारीगरों का जुड़ना गर्व की बात : अमित

**मन की बात कार्यक्रम के लाइव प्रसारण सुनने के लिए सेक्टर-9ए सीएसआर केंद्र का चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात के 104वां संस्करण के लाइव प्रसारण से जुड़ने के लिए बोकारो के कारीगरों का चयन होने को गर्व की बात बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 104वां संस्करण के लाइव प्रसारण से बड़ी संख्या में बोकारो की महिला कारीगर सेक्टर 9ए स्थित सेल के सीएसआर प्रशिक्षण केंद्र से लाइव जुड़ेंगीं। ये बोकारो के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इस बार के कार्यक्रम के लिए सेल के सीएसआर की ओर से संचालित सेक्टर-9ए प्रशिक्षण केंद्र का चयन किया गया है। ये महिला कारीगर सेल के सीएसआर के द्वारा बोकारो के सेक्टर-2 और सेक्टर-9 के केंद्रों में प्रशिक्षित की गईं है। इन्हें प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार का अवसर भी सेल से जुड़े समाजिक संस्थाओं की ओर से ही उपलब्ध कराया जाता है। ये सभी बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापित क्षेत्र की ग्रामिण महिलाएं हैं और बांस, जलकुंभी और फटे पुराने कपड़ों से अनेक प्रकार के दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाती हैं। जिनकी देश के अलावे विदेशों में भी भारी मांग है। यहां ये यूरोप के कई देशों में इन वस्तुओं को निर्यात किया जाता है। ज्ञात हो कि इस माह के इस कार्यक्रम के लिए पूरे देश से कुल 14 लोकेशन का चयन प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा किया गया है जिसमें एक बोकारो भी है। बोकारो कार्यक्रम का समन्वयक कुमार अमित को बनाया गया है।

## विद्या निकेतन विद्यालय में विज्ञान कला और शिल्प प्रदर्शनी आयोजित, बच्चों ने पेश किये आकर्षक मॉडल



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन के केसारकुलर स्थित सेवा का एक प्रयास नामक ट्रस्ट की ओर से संचालित आदर्श विद्या निकेतन विद्यालय में शनिवार को विज्ञान कला व शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने चंद्रयान, पवन-चक्की, पनबिजली, ज्वालामुखी कैसे काम करता, ड्रीप इरीगेशन, रेन वाटर हारवेस्टिंग, हृदय कार्य प्रणाली, वास्पीकरण क्रिया द्वारा शुद्ध जल का निर्माण, सौर मंडल, सूर्य ग्रहण कैसे लगता आदि के मॉडल सहित, विभिन्न प्रकार के कला एवं शिल्प का प्रदर्शन किया। वहीं, अभिभावकों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ ट्रस्टी त्रिलोचन सिंह एवं प्रधानाध्यापक आनंद कुमार मिश्रा ने किया। प्रदर्शनी में प्रधान शिक्षिका गौरी सिंह, श्रावणी वाशु, शिल्पी श्रीवास्तव, बेबी रविदास, खुशी कुमारी, काजल कुमारी, सोमेन भट्टाचार्य, शशांक शेखरदत्त्रा, तरुणअधिकारी, अचीन चक्रवर्ती, कंचन सिंह, दीपक कुमार, रिंकु राजभर, बबन महतो, छंदा सिंह, संतोषी कर्मकार और नीता रजक उपस्थित थे। ट्रस्टी त्रिलोचन सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, गांधीचौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02वर्ष– 2022–23 दिनांक–25.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथनिर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक 04.09.2023 को 3.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.09.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.09.2023 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता(या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथअंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | रामगढ़ | Ordinary Repair Work of Sandi to Bijuliya Road in KM 0.00 to 13.00 under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 20.00 | 40,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 2 | | | Ordinary Repair Work of Patratu to Saunda 'D' Road in KM 0.00 to 11.350under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 10.00 | 20,000/- | 1,250/- | 02(दो) माह |
| 3 | | | Ordinary Repair Work of Kujju to Ghato Road in KM 0.00 to 19.40 under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 10.00 | 20,000/- | 1,250/- | 02(दो) माह |
| 4 | | | Ordinary Repair Work of 22-Court & Collectorate Campus Road in KM 0.00 to 5.528 under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 05.00 | 10,000/- | 750/- | 01(एक) माह |
| 5 | | | Ordinary Repair Work of Kothar to Mandal Kara Road in KM 0.00 to 2.50 under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 10.00 | 20,000/- | 1,250/- | 02(दो) माह |
| 6 | | | Ordinary Repair Work of Saunda 'D' to Urimari Road in KM 0.00 to 13.798 under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 20.00 | 40,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 7 | | | Ordinary Repair Work of Chitarpur to Rajrappa Road (Old Alignment) in KM 0.00 to 1.80under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 10.00 | 20,000/- | 1,250/- | 02(दो) माह |
| 8 | | | Ordinary Repair Work of Lalpania More via Petarwar-Gomia- Kujju to Naya More Road in KM 0.00 to 8.625under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 10.00 | 20,000/- | 1,250/- | 02(दो) माह |
| 9 | | | Ordinary Repair Work of Badki Pona to Kulhi Road in KM 0.00 to 13.850under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 15.00 | 30,000/- | 2,500/- | 02(दो) माह |
| 10 | | | Ordinary Repair Work of Naya More- Chainpur to Rajrappa Road in KM 0.00 to 29.680under Non-Plan Head for the year 2023-24 | 20.00 | 40,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |

- निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
- प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
- कार्य का परिमाणविपत्र के क्रय हेतुपथनिर्माणविभाग का निबन्धनप्रमाण–पत्र,GSTiNसे संबंधितप्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गईहै।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डलरामगढ़

PR 305630Road(23-24)#D

# दो डायग्नोस्टिक सेंटरों का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से झारसुगुड़ा और लाइकेरा में दो अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक केंद्रों का उद्घाटन किया। इन दोनों केंद्रों की स्थापना कॉर्पोरेट संस्था वेदांत संस्था के सहयोग से की गयी है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इससे झारसुगुड़ा जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम स्वस्थ ओड़िशा, खुशहाल ओड़िशा के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर रहे हैं और अस्पतालों में सुधार कर रहे हैं। वहीं सैकड़ों डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भी भर्ती की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सबसे बड़ा परिवर्तन लाया है. इस योजना से हर महीने लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं. इसके साथ ही अमीर और गरीब दोनों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा विकास का सूचक है. इसीलिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है. यह अच्छी बात है कि सरकार इसमें निजी क्षेत्र को भी शामिल कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता बढ़ेगी. मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में योगदान के लिए वेदांता को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में वेदांता के सीइओ विधायक दीपाली दास ज़िलापाल और प्रमुख शामिल हुए थे।

# सोआ के संस्थापक अध्यक्ष ने सबसे ऊंची चोटी पर चढ़नेवाले प्रशिक्षु को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने वाले डॉ आदित्य खाडंगा को शुक्रवार को शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा सम्मानित किया गया है। डॉ खाडंगा सोआ के फैकल्टी ऑफ मेडिसिन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल में प्रशिक्षु के रूप में कार्यरत हैं। डॉ खाडंगा ने पिछले 16 अगस्त को प्रतिकूल मौसम का सामना करते हुए 18,510 फीट की ऊंचाई पर इस चोटी पर चढ़ाई की।आइएमएस और सम अस्पताल से स्नातक डॉ खाडंगा ने पहले अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमांजारो पर चढ़ने का प्रयास किया था, जो 19,341 फीट की ऊंचाई पर है, लेकिन प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण शिखर से 50 फीट पहले ही उन्होंने प्रयास छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वह अगले जनवरी में अर्जेंटीना में 22,837 फुट ऊंचे माउंट एकॉनकागुआ परचढ़ने का प्रयास करने की योजना बना रहे हैं।

सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक ने युवा पर्वतारोही को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में और अधिक सफलता की कामना की। इस अवसर पर सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार नंद, सलाहकार परिषद के अध्यक्ष प्रो दामोदर आचार्य, आईएमएस और सम अस्पताल के डीन प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्र, चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार, डिप्टी चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश लेंका और छात्र मंगल के डीन प्रो ज्योति रंजन दास इस अवसर पर उपस्थित थे। बरगड क्षेत्र के डॉ. खाडंगा ने कहा कि वह बहुत कम उम्र से ही पर्वतारोहण के प्रति आकर्षित थे। उन्होंने प्रशिक्षण भी लिया था।

# सोआ में एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के सभी परिसरों में 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया है। छात्र काल में रैगिंग से व्यक्ति का सामाजिक मूल्य गिरता है तथा भविष्य नष्ट होता है। इसलिए यूजीसी के नियमों के मुताबिक इस खबर के प्रति जागरूकता की दिशा में कदम उठाये गये और सोआ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। विश्वविद्यालय स्तरीय बितर्क, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता में सोआ के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 24 अगस्त को इसका उद्घाजपानी समारोह सोआ कृषि महाविद्यालय (आइएएस) की भाषा प्रयोगशाला में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने छात्र जीवन पर रैगिंग के प्रभाव पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सोआ विश्वविद्यालय के छात्र मंगल के डीन प्रोफेसर ज्योत रंजन दास अन्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और परिसर में दोस्ती के महत्व का आह्वान किया। इस अवसर पर अन्यतम अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो संतोष कुमार राउत एवं सलाहकार प्रो विजय कुमार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंशुमान जेना ने किया, जबकि पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता डॉ प्रभात कुमार षड़ंगी ने की। बिर्तक प्रतियोगिता में मेघा परिडा, आकांक्षा दास गोस्वामी और आफ्रिजा खेटो ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में श्रेयस दास ने पहला और सौम्या समृता और सस्तिका रथ ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में अपर्णा मिश्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भाग्यश्री महांति एवं मेघना महांति को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। माहेश्वरी राऊत ने तीसरा पुरस्कार जीता। कार्यक्रम में डॉ भुबनानंद अधिकारी, आकाश तिरका, अन्नपूर्णा पटनायक उपस्थित थे।

# संबलपुर:मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदातृ समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** 53वीं मंडल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने की। श्री सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि डीआरयूसीसी सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों को मंडल द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। बैठक में डीआरयूसीसी के सदस्य श्रीकृष्ण चंद्र पंडा, भोजनाथ देवांगन, मनोरंजन साहू, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, निशांत कुमार दीक्षित, अरुण कुमार मुखर्जी, सोमनाथ अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, मदन मोहन प्रुस्टी, गोबिंद प्रसाद अग्रवाल, गोपबंधु सत्पथी, लिपसित मिश्रा, गोपाल प्रसाद अग्रवाल ने भाग लिया। बैठक में संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह ने भाग लिया। गरिमा तिवारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, संबलपुर, डीआरयूसीसी संयोजक ने बैठक का समन्वय किया।

















वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**